आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 08 | इंदौर, शनिवार 08 अगस्त, 2026 | श्रावण कृष्ण 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### सुखबीर बादल और पीएम मोदी की मुलाकात से राजनीतिक हलचल बढ़ी

**नई दिल्ली।** पंजाब विधानसभा चुनाव 2027 से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल की हालिया मुलाकात ने राज्य की राजनीति में नए समीकरणों को लेकर चर्चाओं को हवा दे दी है। दोनों दलों के भविष्य के रिश्तों पर अब सभी की नजरें टिकी हैं। दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद सुखबीर सिंह बादल ने बताया कि बातचीत के दौरान पंजाब की कानून-व्यवस्था और सरकारी योजनाओं में कथित भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई, हालांकि बैठक का आधिकारिक एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया। इसी वजह से राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई कि क्या बीजेपी और अकाली दल एक बार फिर चुनावी साझेदारी की दिशा में बढ़ रहे हैं।

### युवक की मौत पर मचा बवाल, उग्र भीड़ ने फूंकी पुलिस की गाड़ियां

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना की सड़कें शुक्रवार को अचानक रणक्षेत्र में तब्दील हो गईं। अगमकुआं थाना क्षेत्र के पहाड़ी इलाके में एक तेज रफ्तार बेकाबू बस ने 26 वर्षीय युवक को बेरहमी से कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा इस कदर भड़का कि उन्होंने कानून-व्यवस्था को पूरी तरह से अपने हाथ में ले लिया। आक्रोशित भीड़ ने न केवल मौत बांटने वाली बस को आग के हवाले कर दिया, बल्कि पुलिस और मीडियाकर्मियों पर भी हिंसक हमला बोल दिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

### राहुल गांधी ने कहा- कैप्टन मेरे फेवरेट बीजेपी लीडर

**लुधियाना।** पंजाब में 2027 के चुनाव से पहले कांग्रेस में चल रहे घमासान के बीच राहुल गांधी ने पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह को फेवरेट लीडर बताकर उनकी तारीफ की। दिल्ली में जेन-जी के साथ राहुल गांधी ने इंट्रेक्शन किया। इसी दौरान एक युवा ने राहुल से पूछ लिया कि बीजेपी में आपका फेवरेट लीडर कौन है, तो राहुल गांधी ने कहा- कैप्टन अमरिंदर सिंह, डेफिनेटली। मैं उनके साथ आसानी से घुल-मिल जाता हूं। वह कूल हैं और मिलिट्री हिस्ट्री के एक्सपर्ट हैं, इसलिए मैं उन्हें पसंद करता हूं। हैलो अंकल अमरिंदर। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर भी यह वीडियो पोस्ट किया है। जिसके बाद से लोग कैप्टन की कांग्रेस में वापसी की अटकलें लगाने लगे हैं।

### सीएम विजय की पत्नी ने तलाक की अर्जी वापस ली



एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था, सीएम बनने के 3 महीने बाद केस खत्म

**चेंगलपट्टू (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के सीएम विजय की पत्नी संगीता ने चेंगलपट्टू फैमिली कोर्ट में दाखिल तलाक की अर्जी वापस ले ली है। शुक्रवार को इस केस के सुनवाई थी, इसमें वे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हुई। उन्होंने जज सुजाता को अर्जी वापस लेने की जानकारी दी। जज ने करीब 15 मिनट तक उनसे पूछताछ की और फिर अर्जी स्वीकार करते हुए तलाक का केस खत्म कर दिया। संगीता ने इसी साल फरवरी 2026 में तलाक की अर्जी दायर की थी। उन्होंने विजय पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर का आरोप लगाया था। विजय ने इसी साल 10 मई को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री की शपथ ली थी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, संगीता ने याचिका में कहा था कि उनके पति का एक एक्ट्रेस के साथ एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर हैं। हालांकि, उन्होंने एक्ट्रेस का नाम नहीं लिया। उन्होंने यह भी बताया था कि विजय ने उन्हें लगातार मानसिक प्रताड़ना दी। उपेक्षित किया और छोड़ दिया। जरूरत पड़ने पर वह उस अभिनेत्री को भी मामले में दूसरा पक्षकार बनाएंगी। संगीता का कहना था कि उनका रिश्ता पूरी तरह टूट चुका है। विजय भावनात्मक रूप से उनसे दूर हो गए हैं।

### नैनो न्यूज

- **नई दिल्ली:** 40 साल बाद बोफोर्स केस बंद, सुप्रीम कोर्ट ने आखिरी याचिका खारिज की, घोटाले के आरोप से राजीव गांधी 1989 का चुनाव हारे थे
- **नई दिल्ली:** मैगी विवाद में दुकानदारों पर लगे सभी क्रिमिनल केस हटे, हाईकोर्ट बोला- लैब जांच में लेड लिमिट में मिला, अब केस का कोई आधार नहीं
- **नई दिल्ली:**आम ग्राहकों के लिए यूपीआई फ्री ही रहेगा, विवाद पर वित्त मंत्री की सफाई, 2,000 रु. से ज्यादा के ट्रांजेक्शन पर मर्चेंट चार्ज संभव
- **मध्य प्रदेश:** 350 करोड़ के स्कूल ड्रेस टेंडर पर हाई कोर्ट की बड़ी रोक, सरकार से एक सप्ताह में जवाब तलब
- **झारखंड:** छात्र आंदोलन पर बोले सीएम हेमंत सोरेन, सरकार वार्ता को तैयार, होंगे बड़े सुधार
- **नई दिल्ली:** राहुल ने कार की टंकी खोली, ई20-पेट्रोल पर सवाल उठाए, कहा- ये कार-स्कूटर खराब कर रहा, दाल में काला नहीं, पूरी दाल ही काली

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शुभारंभ पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की आमजनों की लंबित शिकायतों की सुनवाई

# जन सेवा में संवेदनशीलता ही सुशासन की पहचान : मुख्यमंत्री

## सीएमएचओ, तहसीलदार एवं पटवारी निलंबित, सीईओ जनपद और श्रम अधिकारी की एक-एक वेतनवृद्धि रोकने के आदेश, अन्य तीन को नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

- जन समस्याओं के निराकरण में लापरवाही पर होगी कड़ी कार्रवाई
- छिंदवाड़ा की प्रतिभाएं पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणा
- उत्कृष्ट कार्य करने वालों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का शुभारंभ करते हुए छिंदवाड़ा जिले के कलेक्ट्रेट में आमजन की समस्याओं को सुना। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर लंबित शिकायतों की आवेदकों की उपस्थिति में एक-एक कर समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। समीक्षा के दौरान जिन प्रकरणों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई, उन पर उन्होंने तत्काल सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत उपलब्ध कराते हुए योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को छिंदवाड़ा कलेक्ट्रेट के कार्यक्रम में जिले की प्रेरक प्रतिभाओं से आत्मीय संवाद किया। कृषि, नवाचार, खेल, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण पर्यटन, उद्योग और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले प्रतिभागियों ने अपनी सफलता की कहानियां मुख्यमंत्री के साथ साझा कीं। मुख्यमंत्री ने उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतिभाएं मध्यप्रदेश के विकास की वास्तविक शक्ति हैं और समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैठक में विभागवार समीक्षा करते हुए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति तथा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने राजस्व, नल-जल, ऊर्जा, पुलिस सहित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए शिकायत करने की नौबत नहीं आनी चाहिए। प्रत्येक प्रकरण का निर्धारित समय-सीमा में पारदर्शी, संवेदनशील एवं जवाबदेह तरीके से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ड्रॉप-आउट बच्चों को पुनः विद्यालयों में प्रवेश दिलाने, सभी शिक्षकों की शत-प्रतिशत ई-अटेंडेंस सुनिश्चित करने तथा सायबर अपराधों की रोकथाम एवं प्रभावितों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण ही सुशासन की सबसे बड़ी पहचान है तथा प्रत्येक अधिकारी को जनसेवा के प्रति संवेदनशील और जवाबदेह कार्यशैली अपनानी होगी।



### मैं आऊंगा होम-स्टे पर : मुख्यमंत्री यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सनोत नागवंशी ने ग्रामीण पर्यटन एवं होम-स्टे मॉडल की जानकारी देते हुए बताया कि उन्हें शासन से सब्सिडी प्राप्त हुई है। वर्तमान में वे दो कमरों का होम-स्टे संचालित कर रहे हैं, जिसे मेक माय ट्रिप जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी सूचीबद्ध किया गया है। मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, मैं जरूर आपके होम-स्टे पर आऊंगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले में संचालित सीएनजी प्लांट के संचालक रोहित साहू से भी चर्चा कर परियोजना की कार्यप्रणाली, नवाचार और भविष्य की संभावनाओं की जानकारी ली तथा उनके प्रयासों की सराहना की।

### तहसीलदार और पटवारी निलंबित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान में मीना बंजारा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिलने की शिकायत दर्ज कराई। समीक्षा में पाया गया कि परासिया तहसील के संबंधित पटवारी द्वारा गलत प्रतिवेदन प्रस्तुत किए जाने के कारण आवेदिका योजना के लाभ से वंचित रही। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मामले को गंभीर मानते हुए परासिया तहसील के संबंधित पटवारी एवं तहसीलदार को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही मुख्यमंत्री आर्थिक सहायता के माध्यम से आवेदिका को एक वर्ष की सहायता राशि प्रदान करने के भी निर्देश दिए।

### सीएमओ तत्काल प्रभाव से निलंबित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रीमती सीमा तुमराम ने बताया कि उन्होंने प्रसूति सहायता राशि नहीं मिलने की शिकायत की थीं। जांच में सामने आया कि पोर्टल पर दर्ज त्रुटिपूर्ण जानकारी के कारण उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल सका। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने इसे विभागीय लापरवाही मानते हुए संबंधित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छिन्दवाड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए।

### एक-एक वेतनवृद्धि रूकी

मुख्यमंत्री को मानवती वर्मा ने बताया कि वर्ष 2022 में पति संतोष वर्मा की मृत्यु के बाद उन्हें पात्रता अनुसार मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत अंत्येष्टि एवं अनुग्रह सहायता राशि नहीं मिली, जिसकी उन्होंने सीएम हेल्पलाईन में शिकायत दर्ज कराई थीं। मुख्यमंत्री ने प्रकरण में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चौरई तथा श्रम अधिकारी की एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए।

दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश, नोएडा में एंबुलेंस फंसी

## कई इलाकों में ट्रैफिक जाम, यूपी के 30 गांवों में बाढ़

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली-एनसीआर में शुक्रवार को तेज बारिश हुई जिससे कई इलाकों में सड़कों पर पानी भर गया है, ज्यादा बारिश होने से जाम भी लग गया। नोएडा के सेक्टर-95 में एक एंबुलेंस पानी में फंस गई।

द्वारका सेक्टर-25 में तेज बारिश के दौरान एक युवक खुले नाले में गिरकर तेज बहाव में बह गया। 7 घंटे तक रेस्क्यू अभियान के बावजूद युवक नहीं मिला।



- उत्तराखंड में लगातार बारिश से अलकनंदा, मंदाकिनी, भागीरथी समेत छह नदियां खतरे के स्तर पर बह रही हैं। हरिद्वार-ऋषिकेश में घाट और मंदिर डूब गए। रुद्रप्रयाग में स्कूल बंद हैं। राज्य की 132 सड़कें और बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री नेशनल हाईवे बंद किए गए हैं।
- उत्तर प्रदेश में भी लगातार बारिश से नदियां उफान पर हैं। फरुर्खाबाद में गंगा खतरे के निशान के करीब पहुंच गई। 33 गांवों और 40 सरकारी स्कूलों में बाढ़ का पानी घुस गया। बलिया में एक हफ्ते में 27 घर सरयू नदी में समा चुके हैं।

### खाई में बोलेरो गिरने से 5 लोगों की मौत

एजेंसी ▸▸ हरिद्वार

उत्तराखंड के पौड़ी जिले में शुक्रवार को देवप्रयाग से पौड़ी जा रही एक बोलेरो वाहन अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। देवप्रयाग-पौड़ी मोटर मार्ग पर सबदरखाल के पास कुंडधार क्षेत्र में यह हादसा हुआ। बताया गया कि बोलेरो वाहन अचानक चालक का नियंत्रण खोने के बाद करीब 250 मीटर गहरी खाई में गिर गया।

## रांची में एआईएसए अध्यक्ष नेहा बोरा पर स्याही फेंकी

एजेंसी ▸▸ रांची

झारखंड में 14वीं जेपीएससी रद्द करने की मांग को लेकर छात्र 14 दिनों से धरने पर हैं। अब सरकार छात्रों के डेलिगेशन से बात करने के लिए तैयार हो गई है। इससे पहले छात्रों के समर्थन में शुक्रवार को ऑल इंडिया स्टूडेंट यूनियन (एआईएसए) के कार्यकर्ता विधानसभा घेरने निकले। इस दौरान एआईएसए की अध्यक्ष नेहा बोरा पर एक युवक ने स्याही फेंकी। उसे हिरासत में ले लिया गया है। बताया जा रहा है कि आरोपी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ा है।



छात्र ने स्कूल में की गोलीबारी

## 6 स्टूडेंट्स व शिक्षकों की मौत, 15 घायल, 2 गंभीर

एजेंसी ▸▸ थाईलैंड

थाईलैंड के नॉनथाबुरी प्रांत में शुक्रवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक छात्र ने अपने ही स्कूल में गोलीबारी कर दी। इस हमले में 3 शिक्षकों और 3 छात्रों की मौत हो गई, जबकि करीब 15 लोग घायल बताए जा रहे हैं। यह घटना बैंकॉक के पास स्थित डेब्सिरिन नॉनथाबुरी स्कूल में हुई, जिससे पूरे इलाके में डर और अफरा-तफरी फैल गई। पुलिस के अनुसार, घायल हुए 15 लोगों में से 2 की हालत बेहद गंभीर है और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हमले के बाद तुरंत पुलिस और इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंची और इलाके को सुरक्षित किया गया। घटना के करीब एक घंटे बाद की तस्वीरों में लोग स्कूल के बाहर एक-दूसरे को संभालते और रोते हुए नजर आए। पुलिस ने बताया कि गोली चलाने वाला छात्र खुद भी गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

## एथनॉल प्लांट के नाम पर उठा हजारों टन धान बीच रास्ते से गायब

जबलपुर तक पहुंचे फजीवाड़े के तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जबलपुर

मध्य प्रदेश में एथनॉल उत्पादन के लिए आवंटित धान और चावल की आपूर्ति से जुड़े कथित फर्जीवाड़े की जांच का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। बालाघाट और सिवनी के बाद अब जबलपुर का नाम भी इस पूरे प्रकरण से जुड़ने लगा है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जबलपुर जिले के शहपुरा स्थित वेयरहाउस से एथनॉल प्लांट के लिए बड़ी मात्रा में धान और चावल का उठाव किया गया, लेकिन उसका पूरा स्टॉक निर्धारित प्लांट तक नहीं पहुंचा। आरोप है कि परिवहन के दौरान बड़ी मात्रा में अनाज रास्ते में ही दूसरे स्थानों पर खपा दिया गया। इस मामले ने न केवल परिवहन व्यवस्था बल्कि भारतीय खाद्य निगम, वेयरहाउस प्रबंधन, परिवहन एजेंसियों और कुछ राइस मिलरों की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सूत्रों के अनुसार एथनॉल उत्पादन के लिए केंद्र सरकार की नीति के तहत एफसीआई द्वारा निर्धारित मात्रा में चावल और धान विभिन्न प्लांटों को आवंटित किया जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत जबलपुर क्षेत्र के शहपुरा वेयरहाउस से भी हजारों मीट्रिक टन चावल और धान का उठाव किया गया था।

## सुवासरा बाजार अनिश्चितकाल के लिए बंद

### नेता शंभू लाल पर गुंडागर्दी, एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ गरोठ

मंदसौर के सुवासरा में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के जिलाध्यक्ष शंभू लाल उर्फ प्रिंस सूर्यवंशी और उनके साथियों पर गुंडागर्दी, एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगा है। इन आरोपों के विरोध में सुवासरा नगर को शुक्रवार से अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। व्यापारियों ने आरोपियों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।



यह मामला तब भड़का जब प्रिंस सूर्यवंशी, श्याम सूर्यवंशी और लगभग 10 अन्य युवकों ने दुकान पर बैठे व्यापारियों के साथ कथित तौर पर गाली-गलौज की और उन्हें एससी-एसटी एक्ट के तहत झूठे मामलों में फंसाने की धमकी दी। इस घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने गुरुवार को थाना प्रभारी को आवेदन देकर सख्त कार्रवाई की मांग की।

गुरुवार देर रात सीतामऊ एसडीओपी दिनेश प्रजापत सुवासरा पहुंचे और व्यापारियों से बातचीत की। हालांकि, व्यापारियों ने आरोपियों पर मामला दर्ज होने और उनकी गिरफ्तारी होने तक नगर बंद के अपने फैसले पर कायम रहने की बात कही।

भारत बोला- एफसीआरए भारत का आंतरिक मामला

# दूसरे देश इस पर कमेंट न करें

## अमेरिकी सांसद ने कहा था- ये बिल ईसाइयों पर सीधा हमला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने एफसीआरए (विदेशी अंशदान विनियमन) संशोधन विधेयक पर साफ कर दिया कि यह भारत का आतंरिक मामला है। किसी दूसरे देश को इस पर कमेंट करने का अधिकार नहीं है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों जिनमें अमेरिका भी शामिल है। वहां विदेशी फंड और विदेशी अंशदान को नियंत्रित करने के लिए कानून और नियम मौजूद हैं।

दरअसल भारत ने अमेरिकी सांसद रिले मूर की टिप्पणी का जवाब दिया है। मूर ने 4 अगस्त को सोशल मीडिया पर लिखा था कि एफसीआरए बिल ईसाइयों के खिलाफ सीधा हमला है। एफसीआरए (विदेशी अंशदान विनियमन) संशोधन विधेयक इसी साल बजट सत्र में लोकसभा में पेश किया गया था। मानूसन सत्र में इस पर चर्चा होनी है। सूत्रों के मुताबिक अमित शाह चर्चा का जवाब दे सकते हैं।



### 4 अगस्त को अमेरिकी सांसद का पोस्ट, लिखा- बिल आया तो संबंध बिगड़ेंगे

अमेरिकी सांसद रिले एम मूर ने सोशल मीडिया पर लिखा, ईसाई धर्म भारत में तब से मौजूद है। जब प्रभु यीशु मसीह के पुनरुत्थान के कुछ दशकों बाद संत थॉमस मलाबार तट पर पहुंचे थे। लेकिन ईसाई धर्म के इस लंबे इतिहास के बावजूद, भारत की संसद एफसीआरए (विदेशी अंशदान विनियमन) कानून में ऐसा संशोधन करने पर विचार कर रही है, जिससे सरकार को चर्चों और धार्मिक चैरिटी संस्थाओं का नियंत्रण अपने हाथ में लेने की अनुमति मिल सकती है। यह ईसाइयों के खिलाफ सीधा हमला है। यदि यह विधेयक इसी रूप में आगे बढ़ता है, तो यह भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों के लिए गंभीर चिंता का विषय होगा।



## महाकाल श्रृंगार


ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का गुरुवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### सभी कामों में हो सवारी मार्ग जैसी गति

नगर की संस्था ने सवारी मार्ग को पूरा करने के लिए जो गति दिखाई है और कार्य को पूर्ण किया है उससे शहर के अन्य क्षेत्र के चौडीकरण प्रभावित वासियों की अपेक्षा बढ़ गई है। खास यह है कि इसमें युवा प्रशासनिक अधिकारी से ही उम्मीदें लगी हुई है, शेष को शीत कार्यशैली से आहत माना जा रहा है। खास तो यह है कि सवारी मार्ग के कार्यों से बहुत पहले शुरू हुए कार्यों में अब तक भी सडकें नहीं बनी है। मात्र नाली का निर्माण किया गया है। उसे भी दो माह होने को आए हैं। इसके बाद पानी पाइप-लाइन के लिए खुदाई करके पटक दिया और पाइप नहीं होने की स्थिति बनी हुई है। पानी की पाइप-लाइन डालने के बाद अभी सिवरेज की लाईन डाली जाना है। उसके लिए एक बार फिर से खुदाई की जाएगी और लाईन डाली जाएगी। धीमी गति से चल रहे चौड़ीकरण के कार्यों से क्षेत्रीय रहवासियों को अब उकतान होने लगी है। सवारी मार्ग पर जिस गति से काम निपटा है उससे रहवासियों की भी आस जगी है और इसके साथ ही अपेक्षा भी हो गई है कि उनके क्षेत्रों में भी गति से काम को किया जाए जिससे पिछले कई माहों से परेशानी के दौर से उन्हें अब निजात मिल सके। गेल से नीलगंगा के क्षेत्र में चौड़ीकरण में निर्माण की गति को लेकर नाराजगियों का दौर बनने लगा है। क्षेत्र में कीचड़ के हालातों के कारण रहवासी परेशान हैं। कछुआ गति से चल रहे यहां के निर्माणों से साफ हो रहा है कि एजेंसी और जिम्मेदार संयुक्त रूप से कंचे खेल रहे हैं और रहवासियों की परेशानियों से उन्हें कुछ खास लेना देना नहीं है। खुसूर-फुसूर है कि रहवासी चौड़ीकरण के लिए अपना मकान भी दे और उसके साथ ही टूटे मकान को बनाने में जेब से पैसा भी लगाए इसके साथ ही महीनों निर्माण की परेशानी को भी भूगते। इसकी अपेक्षा निर्माण से जुड़े अधिकारी सहयोग का आश्वासन देकर, तेजी से काम निपटाने का झूठा आश्वासन देकर अपना मतलब साधने में एजेंसी के साथ कंचे खेलने में समय व्यतीत करें तो रहवासियों को सिरे से ठगे जाने का एहसास होने लगता है। भला हो युवा अधिकारी का जिसने नगर की संस्था से उठते विश्वास को कायम करने में अपनी अहम भूमिका अदा की है। शेष अधिकारियों एवं खासकर यंत्रियों को युवा प्रशासनिक अधिकारी से कार्यशैली सिखना चाहिए और जिम्मेदारी के चौड़ीकरण मार्ग पर तेजी से काम कर दिखाना चाहिए। अन्यथा उनकी योग्यता पर सवाल खड़ा होना तय है।

## नैनो न्यूज

- बाबा महाकाल के दर्शन के साथ 84 महादेव यात्रा का समापन, दोपहिया वाहनों पर उमड़ा आस्था का सैलाब
- बिना खून इंतजाम किए किया ऑपरेशन, मौत के बाद भी ऑक्सीजन लगाकर इंदौर किया रेफर
- सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित
- बच्चों को बांटे बैग-जूते और खिलाई शुद्ध घी की मिठाई, चिंतामन जावासिया में 400 छात्रों को मिला पौष्टिक नाश्ता, 80 बच्चों को दी शिक्षण सामग्री
- शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने सुरों से शाम को सजाएंगे
- शहर के कालिदास अभिरंग नाट्य गृह में आज सुर-ताल म्यूजिकल ग्रुप के तत्वावधान में 'डॉक्टर स्पेशल संगीतमय संध्या' का आयोजन किया जाएगा।
- प्रदेशभर से जुटे पूर्व पुलिस अधिकारी व कर्मचारी, दिवंगत साथियों को दी श्रद्धांजलि
- चिंतामन गणेश रोड स्थित मल्होत्रा गार्डन में रिटायर्ड पुलिसकर्मी दोस्ताना ग्रुप का प्रथम मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया।
- रक्षाबंधन पर वीर सैनिकों के प्रति व्यक्त की कृतज्ञता, पदाधिकारियों ने लिया राष्ट्र सेवा का संकल्प

## ट्रेंडिंग




---

महाकाल भक्तों के लिए रेलवे की नई व्यवस्था बनी राहत, सावन में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच रेलवे की बड़ी पहल

# रेलवे स्टेशन परिसर में बनाया वाटरप्रूफ डोम

### बारिश से बचाव के साथ यात्रियों के लिए बैठने की आरामदायक व्यवस्था, प्लेटफॉर्म पर यात्रियों का दबाव कम करने के लिए पार्किंग स्थल को भी बनाया प्रतीक्षालय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सावन माह में बाबा महाकाल के दर्शन के लिए देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उज्जैन पहुंच रहे हैं। लगातार बढ़ रही यात्रियों की भीड़ के कारण रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म दिनभर खचाखच भरे हुए हैं और कई बार यात्रियों को ट्रेन का इंतजार करने के लिए पर्याप्त स्थान भी नहीं मिल पा रहा है। ऐसी स्थिति को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए स्टेशन परिसर में वाटरप्रूफ डोम तैयार किया है, जिसकी श्रद्धालु और यात्री सराहना कर रहे हैं।

रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर बनाए गए इस वाटरप्रूफ डोम में यात्रियों के बैठने और विश्राम की आरामदायक व्यवस्था की गई है। यहां श्रद्धालु बारिश से सुरक्षित रहते हुए अपनी ट्रेन का इंतजार कर रहे हैं। सावन के दौरान लगातार हो रही बारिश के बीच यह व्यवस्था यात्रियों



के लिए काफी राहतभरी साबित हो रही है। रेलवे की यह नई व्यवस्था न केवल प्लेटफॉर्म पर भीड़ का दबाव कम कर रही है, बल्कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक वातावरण में ट्रेन की प्रतीक्षा करने का अवसर भी प्रदान कर रही है।

#### पार्किंग हटाकर यात्रियों के लिए बढ़ाई जगह

भीड़ को व्यवस्थित करने के उद्देश्य से रेलवे प्रशासन ने स्टेशन परिसर की पार्किंग व्यवस्था में भी बदलाव किया है। जहां पहले वाहन पार्क किए जाते थे, वहां बैरिकेड्स लगाकर पार्किंग हटाई गई है और उस स्थान का उपयोग यात्रियों के बैठने एवं प्रतीक्षा के लिए किया जा रहा है। इससे प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक भीड़ कम करने में भी मदद मिल रही है।

#### महाकाल दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को मिल रही राहत

स्टेशन परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु डोम के भीतर बैठकर आराम से ट्रेन का इंतजार करते दिखाई दे रहे हैं। यहां यात्रियों को बैठने की सुविधा के साथ बारिश से बचाव और अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससे बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को विशेष राहत मिल रही है।

#### टिकट बुकिंग भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंची

रेलवे अधिकारियों के अनुसार श्रावण मास के दौरान प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु ट्रेन के माध्यम से उज्जैन पहुंच रहे हैं। अगस्त और सितंबर माह के लिए अग्रिम टिकट बुकिंग भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच चुकी है। सामान्य दिनों में जहां प्रतिदिन 70 हजार से अधिक यात्रियों की आवाजाही होती है, वहीं सावन में यह संख्या कई गुना बढ़ गई है। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए रेलवे स्टेशन और उसके आसपास सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पूरे परिसर में लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा पुलिस बल के साथ अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल कार्रवाई की जा सके।

---

रेल हादसे रोकने को रतलाम मंडल में चला 'एक कदम सुरक्षा की ओर' अभियान

# ट्रैक पर रील बनाना पड़ सकता है भारी

### रेलवे सुरक्षा बल ने नुक्कड़ नाटक से यात्रियों को समझाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

त्योहारों और भीड़भाड़ के सीजन से पहले रेलवे ने कमर कस ली है। दुर्घटनाओं को रोकने और यात्रियों को जागरूक करने के लिए रतलाम मंडल के अंतर्गत बड़ा संयुक्त सुरक्षा अभियान चलाया गया। इसका नाम रखा गया एक कदम सुरक्षा की ओर। इसके साथ ही अब सख्ती भी होगी। ट्रैक क्रॉस करने वालों पर अब रेलवे एक्ट के तहत सीधी कार्रवाई होगी, जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान है।

अभियान की अगुवाई अपर मंडल रेल प्रबंधक ऑपरेशन के.एल. मीणा और वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आरपीएफ अमित प्रकाश मिश्र ने की। निरीक्षण के साथ ही



जनजागरूकता फैलाने का काम भी इस दौरान किया गया है। यात्रियों को समझाने के लिए रेलवे सुरक्षा बल मैदान में उतरा। उज्जैन और इंदौर स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक के जरिए एक-एक कर खतरों को गिनाया गया। नाटक में दिखाया गया कि चलती ट्रेन में चढ़ना-उतरना, सेल्फी के लिए ट्रैक पर जाना और रील बनाना कितना खतरनाक है। साथ ही चलते समय मोबाइल पर बात करने से भी हादसा हो सकता है। बल ने यह भी बताया कि आत्महत्या की कोशिश करना भी अपराध है। जवानों ने यात्रियों से कहा- आपकी एक लापरवाही पूरे परिवार को भारी पड़ सकती है। नियम मानिए, सुरक्षित रहिए।

#### स्पाइक से हुआ ट्रैक का हवाई दौरा

सुबह-सुबह अधिकारियों की टीम स्पेशल इंस्पेक्शन कोच से निकली। रतलाम-इंदौर-लक्ष्मीबाई नगर-उज्जैन सेक्शन के उन पॉइंट्स को खंगाला गया जहां लोग अक्सर ट्रैक पार करते हैं या हादसे की आशंका ज्यादा है। टीम में वरिष्ठ डीएनई दक्षिण राहुल चौधरी, वरिष्ठ डीएमई भजन मीणा, वरिष्ठ डीएसटीई अशोक कुमार जोशी के साथ कमर्शियल और ऑपरेटिंग विभाग के अफसर भी थे।

#### तीन बड़े फैसले लिए

टूटी बाउंड्री वॉल तुरंत ठीक होगी। संवेदनशील जगहों पर नई दीवार और बड़े-बड़े चेतावनी बोर्ड लगेंगे। ट्रैक क्रॉस करने वालों पर अब रेलवे एक्ट के तहत सीधी कार्रवाई होगी, जुर्माना और जेल दोनों का प्रावधान।

#### अब हर घंटे अलर्ट

यात्रियों तक संदेश पहुंचाने के लिए इंदौर और उज्जैन स्टेशन के पीए सिस्टम से हर घंटे सुरक्षा संबंधी घोषणाएं करने के निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करने को कहा। रेलवे सुरक्षा बल का कहना है कि एक कदम सुरक्षा की ओर अभियान अब मंडल के अन्य स्टेशनों और संवेदनशील रेल खंडों पर भी नियमित चलेगा।

---

कांवड़ियों की विशाल बोल बम यात्रा का

# पूर्व विधायक मोरवाल ने किया स्वागत



दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

श्रावण मास में शिव भक्ति का उल्लास चरम पर है। इसी कड़ी में ग्राम भाटपचलाना स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर से राजाधिराज भगवान महाकाल (उज्जैन) के दरबार तक एक विशाल 'बोल बम कावड़ यात्रा' निकाली गई। इस पावन यात्रा में लगभग 700 महिला एवं पुरुष कांवड़िये शिव भक्ति में लीन होकर शामिल हुए।

यात्रा के बड़नगर कृषि उपज मंडी गेट पर पहुंचने पर, क्षेत्र के पूर्व विधायक मुरली मोरवाल ने शिवभक्तों का आत्मीय और भव्य स्वागत किया। पूर्व विधायक मोरवाल ने सर्वप्रथम विधि-विधान के साथ धर्म ध्वजा का पूजन किया। इसके पश्चात उन्होंने पूरी आत्मीयता के साथ कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा सभी यात्रियों को फलाहार (फल) का वितरण किया। कांवड़ यात्रा के स्वागत सत्कार के इस पुनीत अवसर पर पूर्व विधायक के साथ पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र यादव, शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष वनिषराज कटारिया, पार्षद प्रतिनिधि अमित जाट, इन्दर मोरवाल, रामस्वरूप मोरवाल और शिवम मोरवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक और कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

---

# रोजगार मेले में 123 युवाओं का प्रारंभिक चयन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासन के निदेर्शानुसार युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अधिकाधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय द्वारा प्रतिमाह आयोजित किए जाने वाले युवा संगम (रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले) के अंतर्गत बुधवार को स्व. श्री नानूलालजी मालवीय शासकीय महाविद्यालय परिसर, घट्टिया में रोजगार मेले का आयोजन किया गया।मेले में 16 कंपनियों द्वारा 350 रिक्त पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया संचालित की गई।

इस दौरान 236 युवक-युवतियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 123 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। वहीं जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 113 आवेदकों की काउंसिलिंग कर उन्हें करियर मार्गदर्शन एवं परामर्श प्रदान किया गया। इसके अलावा आईटीआई के माध्यम से अप्रेंटिसशिप के लिए 16 युवाओं का चयन किया गया। श्रम विभाग एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा 25 युवाओं को विभागीय योजनाओं की जानकारी भी उपलब्ध कराई गई। रोजगार मेले का शुभारंभ एसडीएम, सीईओ जनपद पंचायत घट्टिया, प्राचार्य आईटीआई घट्टिया, प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय घट्टिया तथा जिला रोजगार अधिकारी की उपस्थिति में किया गया।

---

जगह-जगह गंदगी के ढेर, नगरवासी हो रहे बीमार, ग्राम पंचायत मौन

# परेशान रहवासी सचिव के खिलाफ अतिशिघ्र खोलेंगे मोर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोड़िया

ग्राम पंचायत स्वच्छता में नबंर वन आने के लिए ग्राम पंचायत कई तरह के जतन कर रहे हैं। जहां नगर में दीवारों पर स्वच्छता को लेकर स्लौगन भी लिखवाया गया था। हालत है कि आगर जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत तनोड़िया में कुछ रहवासी क्षेत्रों में मच्छरों का प्रकोप फैल रहा है। इसका मुख्य कारण मौसम परिवर्तन के साथ नगर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त होना। लेकिन सवाल यह उठता है जब स्वच्छता का संदेश देने वाली नई आबादी क्षेत्र में नाली के ऊपर अतिक्रमण कर रखा है। तो एक तरफ नालियां बंद कर रखी है। जिससे नाली का पानी रोड पार कर दूसरी तरफ की नाली में पानी जा रहा है। जिससे रहवासियों में काफी आक्रोश व्यक्त हैं।

पिपलोन चौपाटी पर बैंक के पास नाली की निकासी नहीं होने से रोड पर बह रहा, जिससे दुकानों के सामने ही गदंगी पसरी पड़ी रहती है। यहां दो बैंक





**समस्याओं का हल अतिशिघ्र होगा-** सचिव से रहवासियों फोन पर चर्चा करते हैं तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं, जिससे रहवासियों में काफी आक्रोश व्यक्त हैं। इस संबंध में ग्राम सचिव गुलाबसिंह राठौर से चर्चा की तो बताया कि समस्याओं का हल अतिशिघ्र होगा। नालियां व नाला चौक पड़ा हुआ है, उसे भी साफ करवा दिया गया है और कुछ स्थान छुट गया हो तो दिखवाकर समस्या हल जल्द ही हल होगी और बस स्टैंड व बाजार पर स्थित शौचालय अतिशिघ्र सफाई करवाई जाएगी।

एक जिला सहकारी बैंक है और बैंक आफ इंडिया दोनों बैंक में प्रतिदिन सैकड़ों लोग और बहिना आ रही हैं। सुठेली रोड पर स्थित पेशाबघर के आसपास गंदगी का घेर पड़ा हुआ है। लोगों ने पंचायत को अवगत भी करवाया गया। ऐसे में नई आबादी क्षेत्र के कुछ वार्डों की नालियां जो कई दिनों से गदंगी भरी हुई है और बस स्टैंड से लगाकर गली, मोहल्ले गंदगी के ढेर देखे जा सकते हैं। रामकुंड चौराहा, माकड़ोन रोड चौपाटी कुएं के समीप गंदगी के घेर लगे हुए हैं। जिसके कारण भी बीमारियां फैल रही है। ग्राम पंचायत का इस ओर कोई ध्यान नही है। नगरवासियों ने कई बार पंचायत को अवगत करवाया, नतीजा कुछ नही निकला।

नगरवासियों ने बताया कि सफाईकर्मियों द्वारा नालियों की सफाई तो कर रहे हैं लेकिन कुछ क्षेत्र की नालियां अभी भी जाम पड़ी हुई, उस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है। जिससे बीमारी फैलने का भय बना हुआ है, कोई, खांसी व सर्दी जुखाम व अन्य से पीड़ित चल रहे हैं। नगरवासियों ने कलेक्टर सहित जिला प्रशासन से मांग कि है कि पंचायत को निर्देश देकर दवाई का छिड़काव करवाया जाए। नालियां चौक पड़ी हुई, उसे चालू करवाई जाए। जिससे नालियां का गंदा पानी वही भरा होने बीमारी फैलने का भय बन रहा है। इधर सफाई कर्मचारियों का कहना है कि तीन से चार दिन में सफाई कर रहें हैं।

---

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नई दिल्ली में मीडिया प्रतिनिधियों से की चर्चा

# हरित ऊर्जा के लिये किये जा रहे कार्य की विश्वभर में चर्चा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन के बाद मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में कहा कि मध्यप्रदेश हरित ऊर्जा के क्षेत्र में सबसे तेज गति से कार्य कर रहा है। अशोक मनवानी ने बताया कि सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा के उत्पादन के प्रयास निरंतर बढ़ रहे हैं। इस तरह का ऊर्जा उत्पादन 24 घंटे होगा। इस पर कार्य जारी है और मध्यप्रदेश द्वारा इस क्षेत्र में किए जा रहे कार्य की विश्वभर में चर्चा होगी।

#### मध्यप्रदेश 8 राज्यों को कर रहा ऊर्जा आपूर्ति

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया एक्स में एक संदेश में कहा कि मध्यप्रदेश भारतीय रेलवे सहित 8 राज्यों में ऊर्जा की आपूर्ति का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा



कि मध्यप्रदेश आने वाले समय में स्वच्छ ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा और सतत विकास के क्षेत्र में देश का अग्रणी केंद्र बनेगा। नई दिल्ली में गुरुवार को केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के साथ सातवें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन और प्रदर्शनी में सम्मिलित होकर मध्यप्रदेश के हरित ऊर्जा मॉडल, निवेश अनुकूल नीतियों और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति से सभी को अवगत करवाया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गत 2 वर्ष में राज्य सरकार ने नवकरणीय ऊर्जा, पंप्ड हाइड्रो ऊर्जा भंडारण और बायोमास नीतियां लागू कर निवेश और नवाचार को नई दिशा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगर-शाजापुर-नीमच सौर परियोजना में 2.14 रुपए प्रति यूनिट का रिकॉर्ड न्यूनतम सौर टैरिफ प्राप्त हुआ है। नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में ऐसे प्रयासों के कारण ही मध्यप्रदेश द्वारा भारतीय रेलवे सहित 8 राज्यों में हरित ऊर्जा उपलब्ध करवाया जाना संभव हो सका है। यह गर्व करने योग्य उपलब्धि है।

#### प्रदेश औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय नवकरणीय ऊर्जा सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि मध्यप्रदेश वर्ष 2030 तक देश के 500 गीगा वॉट गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता के राष्ट्रीय लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य नवकरणीय ऊर्जा, ऊर्जा भंडारण तथा हरित औद्योगिक विकास के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। म.प्र. आज देश के अग्रणी राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।



## न्यूज ब्रीफ

### समिति के पुनर्गठन और वित्तीय प्रबंधन दुरुस्त किया जायेगा

**इंदौर।** संभागायुक्त भास्कर लक्षकार ने गुरुवार को संभागायुक्त कार्यालय में लगातार कई बैठकें आयोजित की। सबसे पहले उन्हें चाचा नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान के पश्चात शासकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज और फिर रॉबर्ट नर्सिंग होम की बैठक की। बैठक के दौरान संभागायुक्त श्री लक्षकार ने सभी से उन पहलुओं पर जानकारी ली जहां संस्था को क्रियान्वयन या संचालन आदि में किसी तरह से समस्या आ रही है। चाचा नेहरू अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार शुक्ल और डॉ. सुनील आर्य द्वारा बताया गया कि लंबे समय से एक ही समिति द्वारा संचालन किया जा रहा है। साथ ही समिति में छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी समिति से अनुमति प्राप्त करना होती है, इसलिए कार्य में देरी आ रही है।

### दो अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**इंदौर।** संभागायुक्त इंदौर भास्कर लक्षकार द्वारा गत दिवस खरगोन जिले के निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान विभिन्न विभागों के कार्यों का गहन परीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दो अधिकारियों के कार्यों में गंभीर लापरवाही एवं प्रशासनिक उदासीनता सामने आने पर उनके विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। इनमें बड़वाह के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सत्यनारायण दर्रो तथा शासकीय संदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय, बिस्टान के प्राचार्य बलराम भंवर शामिल हैं। दोनों अधिकारियों को तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। संभागायुक्त लक्षकार ने निरीक्षण के दौरान शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों, लंबित प्रकरणों एवं विभागीय व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की।

### छात्र को दिया सीपीआर, अस्पताल पहुँचाकर बचाई जान

**इंदौर।** थाना राऊ व राजेंद्र नगर क्षेत्र में कावड़ यात्रा में पेट्रोलिंग कर रहे पुलिस जवानों ने त्वरित सतर्कता और सूझबूझ का परिचय देते हुए एक युवक की जान बचाई। बताया गया कि मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे दो छात्रों में से पीछे बैठा छात्र अचानक चलती बाइक से नीचे गिर गया और मौके पर ही बेहोश हो गया। घटना के वक्त क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रहे थाना राऊ के प्रधान आरक्षक बलराम चौहान व राजेंद्र नगर के राहुल बोर्डिया और विवेक प्रजापति की नजर तुरंत बेहोश पड़े छात्र पर पड़ी। जवानों ने बिना समय गंवाए तत्काल छात्र के पास पहुँचकर स्थिति को संभाला और उसे प्राथमिक उपचार के रूप में सीपीआर दिया। सीपीआर देने के बाद जवानों ने तुरंत एक ऑटो रिक्शा की व्यवस्था की और छात्र को अविलंब नजदीकी अस्पताल पहुँचाया, जहाँ डॉक्टरों की देखरेख में उसका उपचार शुरू किया गया। समय पर मिले सीपीआर और त्वरित अस्पताल पहुँचाए जाने से छात्र की जान बच सकी।

### इंदौर-प्रयागराज ट्रेन का झींझक स्टेशन पर होगा अतिरिक्त ठहराव



**इंदौर।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए इंदौर-प्रयागराज (सूबेदारगंज) स्पेशल ट्रेन रतलाम मंडल से होकर गुजरेगी। इस ट्रेन झींझक स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान किया गया है। अतिरिक्त ठहराव देने का फायदा इस रूट पर आवागमन करने वाले यात्रियों को मिलेगा। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 8 अगस्त से 29 सितंबर तक इंदौर से चलने वाली ट्रेन इंदौर-सूबेदारगंज स्पेशल झींझक स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन झींझक स्टेशन पर दोपहर 03:55 बजे पहुंचेगी और दोपहर 03:57 बजे प्रस्थान करेगी। इस ठहराव से इस लाइन पर यात्रा करने वाले यात्रियों को लाभ होगा। इसी प्रकार सात अगस्त से 28 सितंबर तक सूबेदारगंज से चलने वाली ट्रेन सूबेदारगंज-इंदौर स्पेशल झींझक स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन झींझक स्टेशन पर सुबह 09:03 बजे पहुंचेगी और सुबह 09:05 बजे प्रस्थान करेगी।

यात्रियों की सुविधा और अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पश्चिम रेलवे ने रेल मंडल से गुजरने वाली अहमदाबाद-पटना स्पेशल ट्रेन का एक फेरा बढ़ाया है। मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार ट्रेन 09447 अहमदाबाद-पटना स्पेशल 12 अगस्त 2026 को अहमदाबाद से चलेगी तथा 09448 पटना-अहमदाबाद स्पेशल 14 अगस्त को पटना से रवाना होगी। इसी प्रकार मध्य रेलवे के भुसावल मंडल स्थित भादली स्टेशन पर ब्लाक के कारण रेल मंडल से होकर गुजरने वाली हिसार-हैदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलेगी। मंडल जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार 11 अगस्त को हिसार से चलने वाली 17019 हिसार-हैदराबाद एक्सप्रेस भुसावल-अकोला-पूर्णा होकर चलेगी।

## नैनो न्यूज

- **दतिया उपचुनाव के बाद भाजपा में बड़ा एक्शन** – हार के बाद दतिया में भाजपा की सभी संगठनात्मक इकाइयां भंग कर नए सिरे से गठन की तैयारी।
- **यूसीसी विधेयक राज्यपाल के पास** – मध्यप्रदेश विधानसभा से पारित समान नागरिक संहिता विधेयक अब राज्यपाल के पास भेज दिया गया है।
- **विदिशा में बच्चों की जान जोखिम में** – बेतवा नदी पार कर स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों के मामले में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने स्वतः संज्ञान लेकर राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी।
- **एमपी में भारी बारिश का अलर्ट** – मौसम विभाग ने मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों में भारी बारिश, आंधी और बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है।
- **एमपी में 21 करोड़ की ठगी का खुलासा** – जांच में भाजपा नेता के खाते में 50 लाख रुपये पहुंचने की जानकारी सामने आई है।
- **ग्वालियर में ट्रैफिक स्टंट पर कार्रवाई** – गांधी रोड पर एक बाइक पर छह युवकों के खतरनाक स्टंट का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने वाहन मालिक पर 6,500 रुपये का चालान किया।
- **एमपी नीट-यूजी काउंसलिंग शुरू** – राज्य कोटे की एमबीबीएस और बीडीएस सीटों के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।
- **बालाघाट में रंगदारी के बाद प्लांट में आग** – 10 लाख रुपये की रंगदारी नहीं मिलने पर प्लांट में आग लगाने का मामला सामने आया है।

ग्राउंड रियलिटी रिपोर्ट -वार्ड 62

# कब जागेगा निगम? जानलेवा धंसाव पर दौड़ रहे हजारों वाहन

सामग्री से लदे भारी ट्रकों के अलावा स्कूल वाहन, बसें, कारें और हजारों दोपहिया वाहन प्रतिदिन इसी सड़क से गुजरते

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

शहर की व्यस्त व्यावसायिक सड़कों में शामिल इलावा स्कूल, मंगेशकर सभागृह, सपना संगीता और लोहामंडी को जोड़ने वाला मार्ग इन दिनों लोगों की जान जोखिम में डाल रहा है।

ड्रेनेज लाइन को किए गए कार्य को दुरुस्त करने के लिए लगाए गए ब्लॉक बीच सड़क में धस गए हैं जिससे कई स्थानों पर सड़क अंदर से धंस चुकी है। ऊपर से सड़क सामान्य दिखाई देती है, लेकिन वाहन गुजरते ही अचानक गहरे धंसाव का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग मार्बल, टाइल्स, सरिया और अन्य निर्माण सामग्री से लदे भारी ट्रकों की प्रमुख आवाजाही का रास्ता है। इसके अलावा स्कूल वाहन, बसें, कारें और हजारों दोपहिया वाहन प्रतिदिन इसी सड़क से गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि कोई कार सामान्य से अधिक गति में हो तो उसका बंपर, सस्पेंशन और अंडरबॉडी क्षतिग्रस्त हो सकती है। वहीं बारिश के दौरान पानी भरने से धंसे हिस्से दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया वाहन चालकों के गिरने और गंभीर हादसे की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। व्यापारियों और रहवासियों का कहना है कि सड़क पर केवल पैचवर्क कर औपचारिकता निभाई गई है। लगातार भारी वाहनों के दबाव से सड़क फिर धंस गई है। उनका आरोप है कि समय रहते स्थायी मरम्मत नहीं की गई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम को किसी बड़े हादसे का इंतजार नहीं करना चाहिए। यह मार्ग शहर के सबसे व्यस्त संपर्क मार्गों में शामिल है, जहां हर दिन हजारों लोग आवाजाही करते हैं। लोगों ने मांग की है कि सड़क के धंसे हिस्सों की तकनीकी जांच कराकर स्थायी और गुणवत्तापूर्ण मरम्मत कराई जाए, ताकि भविष्य में किसी दुर्घटना से बचा जा सके।



### सात दिन में सड़क नहीं सुधरी तो होगा आंदोलन

इसी क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे गौरव शर्मा ने चेतावनी दी है कि यदि सात दिनों के भीतर नगर निगम ने सड़क के धंसे और जानलेवा हिस्सों की स्थायी मरम्मत नहीं कराई, तो स्थानीय रहवासियों और व्यापारियों के साथ सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह किसी दल की राजनीति नहीं, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा है।

### जनप्रतिनिधि से संपर्क नहीं हो सका

मामले में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि दिनेश पांडे का पक्ष जानने के लिए उनके मोबाइल पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होने के कारण उनसे बातचीत नहीं हो सकी। खबर प्रकाशित होने तक उनका पक्ष प्राप्त नहीं हो पाया था। उनका जवाब मिलने पर उसे भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाएगा।

त्यौहारी सीजन में राशन हितग्राहियों को राहत देने की तैयारी

# दो माह का राशन एक साथ मिलेगा, 31 तक होगा वितरण

दिसंबर तक भोपाल-इंदौर में पायलट योजना बाद में पूरे प्रदेश में लागू होगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

जिले के लाखों राशन हितग्राहियों के लिए राहत भरी खबर हैं। उन्हें अगस्त और सितंबर महीने का राशन एक साथ दिया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति विभाग के सूत्रों के अनुसार सभी उचित मूल्य दुकानों में 15 अगस्त तक भंडारण पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद 31 अगस्त तक पात्र परिवारों को दो महीने का राशन एक बार में दे दिया जाएगा। विभागीय अधिकारियों के मोबाईल नो रिप्लाय के कारण उनका पक्ष सामने नहीं आ सका है।

अगस्त-सितंबर का राशन एक साथ मिलने से त्योहारों के सीजन में लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इससे लोगों को बार-बार दुकान के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे और वितरण भी व्यवस्थित होगा। उज्जैन जिले में भी लाखों परिवार इस योजना का लाभ लेंगे।

### डिजिटल होगा पूरा सिस्टम

सरकार अब सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल करने जा रही है। इसके लिए सबसे पहले सभी हितग्राहियों का आधार-राशन कार्ड सत्यापन, मोबाइल नंबर की पुष्टि और ई-केवाईसी कराई जाएगी। इसके बाद पात्र लोगों को पीएनबी डिजिटल रुपये ऐप से जोड़ा जाएगा। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत अब राशन केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा यानी सीबीसीडी आधारित डिजिटल टोकन से मिलेगा। यानी नकद नहीं, सीधे वॉलेट में टोकन आएगा।



### कैसे मिलेगा राशन

नई व्यवस्था में हितग्राहियों की मासिक पात्रता के हिसाब से डिजिटल टोकन सीधे उनके डिजिटल वॉलेट में भेजे जाएंगे। राशन लेने दुकान पहुंचने पर लाभार्थी को ऐप से दुकान पर लगे दफकोड को स्कैन करना होगा। डिजिटल सत्यापन पूरा होते ही मशीन से गेहूं, चावल और अन्य खाद्यान्न की निर्धारित मात्रा जारी हो जाएगी। विभागीय सूत्रों का कहना है कि इससे फर्जी लाभार्थियों पर रोक लगेगी और सब्सिडी का दुरुपयोग बंद होगा।

### पहले भोपाल-इंदौर, फिर पूरा प्रदेश

इस नई डिजिटल टोकन व्यवस्था की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर भोपाल और इंदौर से होगी। सरकार का लक्ष्य है कि दिसंबर 2026 तक दोनों शहरों की सभी उचित मूल्य दुकानों पर यह सिस्टम लागू हो जाए। इसके बाद में इसे पूरे प्रदेश में बढ़ाया जाएगा। अधिकारियों ने साफ किया कि डिजिटल रुपये का उपयोग सिर्फ राशन खरीदने के लिए ही किया जा सकेगा। इसका इस्तेमाल कहीं और नहीं हो सकेगा।

## पीएम मित्रा पार्क में शुरू होगा निर्माण कार्य, तीसरे चरण की तैयारी शुरू

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

बदनावर के पास भैंसोला में पीएम मित्रा पार्क का निर्माण कार्य शुरू होगा। करीब 2156 एकड़ में बन रहे इस टेक्सटाइल पार्क में अब तक पहले और दूसरे चरण में 1100 एकड़ से ज्यादा जमीन उद्योगों को आवंटित की जा चुकी है। निवेशकों की बढ़ती रुचि को देखते हुए अब तीसरे चरण में जमीन आवंटन की तैयारी मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) ने शुरू कर दी है। पीएम मित्रा पार्क में 11 औद्योगिक कंपनियों के नाम जमीन की रजिस्ट्री पूरी हो चुकी है। कागजी और कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद अब ये कंपनियां पार्क में अपने-अपने प्लांट का निर्माण कार्य शुरू कर सकेंगी। साथ ही उद्योग विभाग ने तीसरे चरण के भूमि आवंटन की तैयारी शुरू कर दी है। करीब 2063 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के लिए अब तक 20 हजार करोड़ से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव मिले चुके हैं। इन निवेशों के आधार पर क्षेत्र में 46 हजार से ज्यादा रोजगार के अवसर पैदा होने का अनुमान है। पार्क के विकसित होने के बाद इंदौर-धार क्षेत्र देश के प्रमुख टेक्सटाइल और गारमेंट उत्पादन केंद्रों में शामिल हो सकता है। प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा केंद्र के वस्त्र मंत्रालय और राज्य सरकार की ओर से नियमित रूप से की जा रही है।

जनविश्वास अभियान शिविर में दिखे कई रूप, शिकवा शिकायत के साथ निराकरण भी हुए

# जिला प्रशासन का अमला महू पंचायतों में पहुंचा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान शिविर में कल शुक्रवार को इंदौर संभागायुक्त भास्कर लक्षकार , कलेक्टर शिवम वर्मा , जिला पंचायत सीईओ हिमांशु प्रजापत के साथ जिला प्रशासन की पूरी टीम आम्बा चन्दन पंचायत में पहुंचे।

महू के आम्बा चन्दन में जिला प्रशासन के साथ ही स्थानीय विधायक उषा ठाकुर भी मौजूद रही। शिविर में विभिन्न प्रकार के शिविर पंचायत में लगाया गया। लगभग 10 पंचायतों में इस शिविर का अलग अलग जगह पर आयोजन किया गया था। राजस्व, पेंशन, लोन , महिला बाल विकास और सामाजिक न्याय , के साथ अलग अलग शासन की योजनाओं का लाभ सीधे शिविर में हाथों हाथ दिया गया।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने आंगनबाड़ी, शासकीय स्कूल , अस्पताल, राशन की दुकान के साथ अन्य जगहों के निरीक्षण किए गए। कलेक्टर ने इस शिविर के माध्यम से जनसंवाद कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस दौरान शासन की योजनाओं से लाभ लेने वाले किसान , व्यापारी, छात्र, समूह सहायता की महिलाओं के साथ अन्य लोगों ने सीधे तौर पर संवाद करते हुए अपनी बात सामने रखी।

### शिविर में सबसे पहले

- पूजा वर्मा समूह महिला शक्ति की सदस्या ने बताया कि एक समूह बनाया गया। शुरू शुरू में मुझे बहुत डर भी लगा था। क्यों ना हम सभी 100 रुपए बचत खाते से शुरू करे। हमको जरूरत पड़ती है तो हम इस अकाउंट से निकलकर आपस में मदद भी करते है। स्वयं रोजगार के प्रकल्प भी काम कर रहे है।
- कार्तिक समूह से कोमल परिहार ने कहा कि में इस गांव से हु। मैने 5000 की साड़ी लाई थी। आजीविका मिशन के माध्यम से में आगे बढ़ी। आज लाखों की साड़ी बेच रही हूं।
- सरिता मालवीय श्री कृष्ण समूह से हु। 200 पर महीने बचत करते है। मैने अपने ससुर को गाय लाकर दी। उनकी आमदनी भी बड़ी। अपनी बचत से अपने परिवार को भी आगे बढ़ाओ। ऐसा हमारा प्रकल्प है।
- टर्न ओवर लगभग 8 लाख का है। मैन्युफैक्चर का काम करते है। शासन ने हमारी मदद की है।
- आशापुरा के आदित्य उपाध्याय हमारा सरिये का सब्स्टिट्यूड का कार्य है। सरकार की तरफ 40 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ मिला है। 100 करोड़ का टन ओवर है। 100 लोगो को रोजगार भी दिया है।
- सौरभ धमार्नी फ्लाई इट ब्रिक्स का काम है। लाल ईट का सब्स्टिट्यूड है। महू में प्लांट है। शासन ने 40 प्रतिशत सब्सिडी प्राप्त है। सरकार ने इसको जरूरी भी कर दिया है। इसी दौरान कवच योजना को लेकर सिमरोल में एक गबन की शिकायत करने सैकड़ों किसान ने एक ज्ञापन भी सौंपा। वहीं उचित कार्यवाही की मांग भी उठाई। 2022 से इस प्रकरण में अभी तक कुछ नहीं हुआ है।

## युवाओं को विशेष मार्गदर्शन देंगे मुनि सुधासागर जी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

रविवार 9 अगस्त को मुनि सुधासागर जी महाराज का युवाओं को विशेष मार्गदर्शन देंगे। राजेश जैन दद्दू ने बताया कि धर्म प्रभावना समिति के तत्वाधान में धर्म, संस्कार और राष्ट्र निर्माणमें युवाओं के लिए विशेष अमृत प्रवचन होंगे। समिति ने सकल जैन समाज ने समस्त युवा संगठनों को उपस्थित रहने का आग्रह किया। मुनि श्री संसघ के इंदौर नगर के समस्त जैन युवाओं के लिए विशेष प्रवचन एवं आशीर्वचन का आयोजन धर्म प्रभावना समिति द्वारा किया गया है।

### दुख में सुख का आनंद लेना शुरू करो

दुख के दिनों में हंसना सीखो भरे पेट तो दुनिया हंसती है लेकिन जो भूखा रहकर हंसता है वह तपस्वी है। तपस्वी दुख में अभाव में भी मुस्कुराता है। तुम सुखी होना चाहते हो तो अभाव में सद्भाव का और दुख में सुख का आनंद लेना शुरू करो उसी दिन से सुखी होने लगोगे यह उद्गार मुनि पुंगव सुधा सागर जी महाराज ने प्रवचन देते हुए व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि आजकल लोग अपने दुख की ज्यादा और सुख की कहानी ज्यादा सुनाते हैं। भगवान के दर पर दुख की कहानी नहीं सुख की कहानी सुनाओ ताकि भगवान दुखी ना हो। मुनिश्री ने कहा कि स्त्री का शस्त्र आंसू और पुरुष का शस्त्र तलवार है। स्वयं की पीड़ा पर आंसू आए तो जहर और दूसरों की पीड़ा देखकर आंसू आएं तो मोती है। दूसरे के सामने आंसू बहा कर उनके कृपा पात्र मत बनो।

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को मिली नई दिशा

# मीडिया प्रबंधन एवं सुरक्षा रणनीति का दिया गया प्रशिक्षण, विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन के उद्देश्य से पुलिस लाइन कम्युनिटी हॉल, भोपाल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवें दिन प्रशिक्षणार्थियों को तनाव प्रबंधन, सॉफ्ट स्किल, सुरक्षा योजना, सोशल मीडिया एवं मीडिया प्रबंधन तथा अस्थायी थानों की कार्यप्रणाली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अधिकारियों द्वारा विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन के दौरान आने वाली विभिन्न चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए व्यावहारिक एवं व्यावसायिक रूप से तैयार करना है। राजेश दाहिमा ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप पुलिस महानिरीक्षक डॉ. विनीत कपूर ने सॉफ्ट स्किल विषय पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन में पुलिस बल को अत्यधिक दबाव एवं चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम एवं सकारात्मक सोच के साथ कार्य करना होता है। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत योग, पी.टी. अभ्यास एवं मेडिटेशन से हुई। इस अवसर पर रक्षित निरीक्षक जय सिंह तोमर एवं हार्टफुलनेस प्रशिक्षक राजेश चंद्र शर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को योग, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया।

### तथ्यात्मक जानकारी आमजन तक पहुँचाना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी

नगरीय पुलिस भोपाल के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान ने सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स (पूर्व में ट्विटर) सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सिंहस्थ मेले के दौरान सूचनाओं के त्वरित एवं प्रमाणिक प्रसारण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि किसी भी भ्रामक सूचना अथवा अफवाह का समय रहते प्रभावी खंडन करना तथा सही एवं तथ्यात्मक जानकारी आमजन तक पहुँचाना पुलिस की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसके लिए सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, मीडिया समन्वय एवं त्वरित सूचना प्रबंधन की रणनीतियों से प्रशिक्षणार्थियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षणार्थियों ने विषय विशेषज्ञों से विभिन्न विषयों पर संवाद स्थापित कर अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त किया तथा सिंहस्थ-2028 के दौरान उत्कृष्ट, संवेदनशील एवं प्रभावी पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक व्यवहारिक ज्ञान अर्जित किया।

सुरक्षित एवं टिकाऊ आधारभूत संरचना पर होगा मंथन

# इंदौर में 12वीं अंतरराष्ट्रीय फील्ड मॉनिटरिंग इन जियोमैकेनिक्स संगोष्ठी का हुआ शुभारंभ

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर**

जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने इंदौर के होटल रेडिसन में आयोजित 12वीं अंतरराष्ट्रीय फील्ड मॉनिटरिंग इन जियोमैकेनिक्स संगोष्ठी का शुभारंभ किया। यह संगोष्ठी 10 अगस्त तक आयोजित होगी। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 30 से अधिक देशों के लगभग 250 वैज्ञानिक, शोधकर्ता, अभियंता, सरकारी अधिकारी तथा उद्योग जगत के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।


अपने उद्बोधन में मंत्री तुलसीराम सिलावट ने देश-विदेश से आए सभी विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, शोधकताओं एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन जल संसाधनों और आधारभूत संरचनाओं की सुरक्षा एवं सतत विकास की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि बांध, जलाशय, नहरें, पुल, सुरंगें तथा अन्य सार्वजनिक संरचनाएं किसी भी राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला होती हैं। इनकी नियमित निगरानी और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से संभावित जोखिमों की समय रहते पहचान कर जन-सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है तथा रखरखाव की लागत भी कम की जा सकती है।

श्री सिलावट ने कहा कि मध्यप्रदेश में नदियों, बांधों और सिंचाई परियोजनाओं का व्यापक नेटवर्क है। ऐसे में इस संगोष्ठी में साझा किए जाने वाले वैश्विक अनुभव, अनुसंधान और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियां प्रदेश के जल प्रबंधन, सिंचाई व्यवस्था, बाढ़ नियंत्रण तथा आपदा प्रबंधन को

### मध्यप्रदेश और देश के लिए गौरव का विषय

मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि 12वीं अंतरराष्ट्रीय फील्ड मॉनिटरिंग इन जियोमैकेनिक्स संगोष्ठी का इंदौर में आयोजन मध्यप्रदेश और देश के लिए गौरव का विषय है। यह पहली बार है जब इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन भारत में हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस संगोष्ठी से प्राप्त ज्ञान, नवीन तकनीकों और वैश्विक अनुभवों का लाभ देश और प्रदेश में सुरक्षित, सुदृढ़ एवं टिकाऊ आधारभूत संरचनाओं के निर्माण में मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ₹हर घर जल₹ संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में जल संरचनाओं के संरक्षण और सुदृढ़ीकरण पर विशेष बल दिया जा रहा है।

# लगाव बुरी बात नहीं



किसने कहा कि लगाव होने पर विकास नहीं होगा? धरती पर आसक्त होकर जब पेड़ अपनी जड़ों को माटी के अंदर गहराई में फैलाता है, तभी वह स्वस्थ रूप में पनपता है, अनेक पक्षियों को आश्रय देता है। हवा में प्राण-वायु का प्रवाह करता है। फल देकर दूसरों का उपकार करता है। यदि उसे धरती से अलग कर दें, उखाड़कर फेंक दें, तो वह नष्ट हो जाता है। आपके विषय में भी यही बात सही है। किसी के कहने में आकर यदि आप अपने को किसी स्नेह-बंधन से जबर्दस्ती छुड़ा लेंगे, तो निश्चित रूप से स्वयं को घायल कर लेंगे। आसक्ति रखने पर दुख कब होता है? आपके बच्चे को स्कूल से ला रहा रिक्शा आपकी आंखों के सामने उलट जाता है। तब आप क्या करेंगे? रिक्शे की ओर भागेंगे। गिरे हुए बच्चों में से पहले अपने बच्चे को उठा लेंगे। बच्चों के प्रति स्नेह रखने का आपका दावा हो, तो आप किसी भी बच्चे को उठा सकते थे।असल में, वहां बच्चों के प्रति स्नेह काम नहीं कर रहा था। यह अपना बच्चा है। उसके साथ निजी संबंध जोड़ने वाली भावना ने आपको संचालित किया था। सामने बच्चा नहीं था, मैं, मेरा के विचार आगे खड़े थे।

जब तक कोई व्यक्ति आपका मित्र रहता है, तब तक उससे स्नेह करते हैं। जब वह दुश्मन बन जाता है, तब उसके प्रति नफरत पैदा होती है। दरअसल, क्या आपने उस व्यक्ति विशेष से स्नेह किया था? नहीं। अपना मित्र होने के नाते आपने उससे स्नेह किया था। किसी भी रिश्ते में खुद को आगे रखते हुए ही लगाव बना था। इस तरह, तंग दायरे में अपने को समेटते वक्त आसक्ति रखें, तब दिक्कत होती है।

जब वायु और सुगंध एक-दूसरे पर पूर्ण आसक्त होकर एकाकार होती हैं, तब एक को दूसरे से अलग करके देखना संभव नहीं होता। किसी पर आपकी आसक्ति में यही गहनता रहनी चाहिए। आप उनके साथ यूं एकाकार हो जाएं कि दोनों को अलग करके देखा न जा सके। तब यह प्रश्न भी नहीं उठता कि उस पर आसक्ति रखें या न रखें। फिर काहे का दुख और कैसा दर्द? अनासक्त होकर सबसे अलग-थलग रहना स्वतंत्रता नहीं है, विकास नहीं है। सबको आत्मसात करते हुए विश्व-रूप लेकर चलना ही विकास है।

पसंद-नापसंद के नाम पर अपने दृष्टिकोण को संकुचित बना लेने से कितनी ही अनोखी बातें आपकी पसंद की सूची में स्थान नहीं पातीं। नतीजतन, इस जगत की पूर्णता का अनुभव करना आपके लिए कभी संभव नहीं होता। कोई भी जान-बूझकर मूर्खतापूर्ण ढंग से नहीं जीता। अनजाने में वे मूर्खता में फंस जाते हैं। विवेचन करके देखने की परिपक्वता आ जाए, तो उसके बाद कोई भी वैसे नहीं जिएगा।

सम्पादकीय

# तेजपाल को सजा

आखिरकार बॉम्बे उच्च न्यायालय की गोवा पीठ ने पूर्व मीडिया हस्ती तरुण तेजपाल को यौन दुराचरण मामले में दस साल कठोर कारावास की सजा सुना दी है। आरोपी पक्ष सजा को सर्वोच्च न्यायालय में जरूर चुनौती देगा, पर गौर करने की बात है, यहां तक पहुंचने में 12 वर्ष से ज्यादा वक्त लग गया। तरुण तेजपाल देश की एक चर्चित मीडिया हस्ती थे और उच्च न्यायालय के फैसले के मुताबिक, उन्होंने अपने रसूख का इस्तेमाल अपनी कनिष्ठ सहकर्मी के शोषण के लिए किया। उच्च न्यायालय ने तेजपाल के दुराचरण को बलात्कार माना है, जबकि सत्र न्यायालय ने उन्हें बरी कर दिया था। एक बार फिर, तेजपाल के वकीलों ने उन्हें बचाने की हर मुमकिन कोशिश की। गोवा पीठ से अनुरोध किया गया कि वह उनके मुवक्किल के प्रति नरमी बरते, क्योंकि यह अपराध 13 साल पुराना है और अब वह 62 वर्ष के हो चुके हैं। साथ ही, यह भी बताने की कोशिश हुई कि तेजपाल के खिलाफ अन्य कोई मामला दर्ज नहीं है। खैर, तेजपाल के बचाव की हर कोशिश नाकाम हुई है और इंसाफ अपने मुकाम पर पहुंचा है।

तरुण तेजपाल के प्रति नरमी बरतने का आधार नहीं है। महिला सुरक्षा के लिए जो कानून बने हैं, उनकी पालना होनी ही चाहिए। ऐसे मामलों में नरमी बरतने से समाज में गलत संदेश जाता है। पीड़िता तेजपाल की बेटी के उम्र की थी और उसके इनकार पर तेजपाल ने गौर नहीं किया। यह भूलना नहीं चाहिए, तेजपाल ने सीमाओं का उल्लंघन एक दिन नहीं, दो दिन किया। हम आज ऐसे दौर में हैं, जहां यह सुस्थापित बात है कि एक महिला के न कहने का अर्थ केवल इनकार ही होता है और कुछ नहीं। समग्रता में यह मामला न्यायालयों की सामूहिक संवेदना को कठघरे में खड़ा करता है। न्याय न्यायमूर्ति के अपने विवेक पर निर्भर दिखता है। यह बात न्यायालय में बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है कि न्यायमूर्ति किन तथ्यों को देखना चाहते हैं। सत्र न्यायालय की सुनवाई और फैसले से ऐसा लगा कि पीड़िता को ही कठघरे में खड़ा किया जा रहा है। दोष और दोषी के आचरण के बजाय पीड़िता के व्यवहार को देखने की कोशिश हुई थी। यही नहीं, पीड़िता को लिखे गए तेजपाल के माफीनामे को भी नजरंदाज कर दिया गया था। क्या दोष साबित करने के लिए माफीनामा पर्याप्त नहीं था? यह मुकदमा एक मिसाल बने। ऐसे मामलों में आरोपी के प्रति किसी भी तरह की नरमी बरतना गलत है।

## क्या सरकार का हर समझौता आम आदमी की जेब से ही होगा?

# महँगाई की नई किस्त आ गई, नाम रखा – बस किराया

मध्य प्रदेश की सड़कों पर आज केवल बस किराया नहीं बढ़ा, बल्कि आम आदमी की जेब पर नया आर्थिक बोझ डाल दिया गया है। परिवहन विभाग के ताजा नोटिफिकेशन ने बस किराया सवा रुपये प्रति किलोमीटर से बढ़ाकर दो रुपये प्रति किलोमीटर कर दिया है। यह महज किराया वृद्धि नहीं, बल्कि ऐसा मौन कर है जिसे न किसी बजट में प्रस्तुत किया गया, न विधानसभा में उस पर गंभीर बहस हुई। बस ओनर्स एसोसिएशन की हड़ताल की चेतावनी के आगे सरकार झुक गई और उसका पूरा भार सीधे यात्रियों पर डाल दिया। डीजल महँगा हुआ है, संचालन लागत बढ़ी है–ये तर्क वर्षों से दिए जाते रहे हैं। पर सबसे चिंताजनक यह है कि राज्य की सड़कों पर चलने का अधिकार अब केवल उसी के लिए सहज है, जो बढ़ती महँगाई का बोझ उठा सके।



प्रो. आर.के. जैन
(दैनिक अवन्तिका)




इस पूरे घटनाक्रम में सरकार और बस संचालक दो विरोधी पक्ष नहीं, बल्कि एक ही व्यवस्था के दो चेहरे हैं। संचालक कहते हैं कि पाँच वर्षों से किराया नहीं बढ़ा, डीजल सौ रुपये लीटर के पार पहुँच गया और खर्च बढ़ रहा है। सरकार नोटिफिकेशन जारी कर जिम्मेदारी पूरी मान लेती है। दोनों मिलकर ऐसा समीकरण गढ़ते हैं, जिसमें हर बढ़ी लागत का भुगतान केवल यात्री करता है। इस समीकरण में न संचालकों की कार्यकुशलता पर सवाल उठते हैं, न सरकारी नीतियों की कमियाँ। नतीजा यह है कि सौ किलोमीटर की यात्रा पर यात्री को लगभग पचहत्तर रुपये अतिरिक्त चुकाने होंगे। लंबी दूरी तय करने वाले परिवारों के लिए यह अतिरिक्त राशि महीने भर की सब्ज़ियों के खर्च के बराबर बैठती है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इस निर्णय में आम आदमी न सहभागी है, न हितधारक; वह केवल अंतिम भुगतानकर्ता है।

यही कहानी रसोई तक पहुँचते-पहुँचते और कड़वी हो जाती है। खाद्य पदार्थों की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। शक्कर लगभग पच्चीस प्रतिशत महँगी हो चुकी है। तुअर और चना दाल के दाम बढ़े हैं। मैदा और खाद्य तेल भी चुपचाप महँगे हो गए हैं। त्योहारों से पहले रसोई का बजट बिगड़ना महज संयोग नहीं। परिवहन महँगा होने का सीधा असर माल ढुलाई पर पड़ता है और अंततः अनाज, दाल, सब्जी तथा रोजमर्रा की हर वस्तु महँगी हो जाती है। एक ओर सरकार राशन कार्ड और सब्सिडी की बात करती है, दूसरी ओर वही नागरिक सड़क पर सफर करते समय और रसोई में भोजन बनाते समय महँगाई का अतिरिक्त कर चुकाने को मजबूर होता है। यह दोहरी मार गरीब और निम्न मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति को लगातार सिकोड़ रही है।

इस पूरे प्रकरण का सबसे चिंताजनक पक्ष निर्णय लेने की प्रक्रिया है। किराया बोर्ड की बैठक हुई, मंत्री स्तर पर चर्चा हुई, मुख्यमंत्री की सहमति का हवाला दिया गया और नोटिफिकेशन जारी हो गया। लेकिन इस पूरी प्रक्रिया में जनता कहाँ थी? विपक्ष की भूमिका क्या थी? नागरिक समाज की आवाज क्यों नहीं सुनाई दी? लोकतंत्र की विडंबना यही है कि जब प्रत्यक्ष कर बढ़ते हैं तो सदन में तीखी बहस होती है, लेकिन जब बस किराया बढ़ता है तो सब कुछ एक सरकारी गजट की खामोशी में सिमट जाता है। हड़ताल की आशंका ने सरकार को झुका दिया, पर उसी निर्णय ने करोड़ों यात्रियों को पूरी तरह असहाय बना दिया। सत्ता और पूँजी का यह सहज गठजोड़ अब इतना सामान्य हो गया है कि उस पर प्रश्न उठाने वाले भी कम दिखाई देते हैं।

आम आदमी के लिए यह निर्णय केवल कुछ रुपये बढ़ने का मामला नहीं है। यह उसकी रोजमर्रा की ज़िंदगी, उसके अवसरों और उसकी गतिशीलता पर सीधा प्रहार है। खेत या फैक्ट्री जाने वाला मजदूर, परीक्षा देने निकलने वाला छात्र, इलाज के लिए अस्पताल जाने वाला मरीज–हर व्यक्ति की यात्रा अब पहले से अधिक महँगी हो गई है। जब यात्रा महँगी होती है तो शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार तक पहुँच भी महँगी हो जाती है। सरकार विकास के बड़े-बड़े दावे करती है, लेकिन उसी विकास की सड़क पर चलने की कीमत आम नागरिक से वसूलती है। यह विकास का विस्तार नहीं, बल्कि विकास के अवसरों का संकुचन है।

यदि यह निर्णय वास्तव में व्यावहारिक होता तो सरकार केवल किराया बढ़ाने का रास्ता नहीं चुनती। वह बस संचालकों को संचालन में दक्षता बढ़ाने, अनावश्यक खर्च कम करने और मार्गों के बेहतर प्रबंधन के लिए बाध्य करती। यदि यह निर्णय न्यायसंगत होता तो बढ़े हुए आर्थिक बोझ का कुछ हिस्सा राज्य स्वयं वहन करता या कम से कम किराया चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जाता। लेकिन सरकार ने सबसे आसान विकल्प चुना–हड़ताल टालने के लिए यात्री को ही बलि का बकरा बना दिया। यह प्रशासनिक विवेक नहीं, बल्कि शासन की कमजोरी का परिचायक है। वास्तविक साहस तब दिखाई देता, जब सरकार संचालकों के सामने कठोर शर्तें रखती और जनता को राहत देने का रास्ता निकालती।

आखिरकार सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि राज्य का अस्तित्व किसके लिए है। यदि हर बढ़ती लागत का समाधान केवल किराया बढ़ाकर निकाला जाएगा, तो आम आदमी को कभी राहत नहीं मिलेगी। महँगाई की यह श्रृंखला चलती रहेगी–आज बस किराया बढ़ा है, कल बिजली का सरचार्ज, परसों दूध, दवा या किसी अन्य आवश्यक वस्तु की कीमत। हर बार वही तर्क होगा कि लागत बढ़ गई है। दुर्भाग्य यह है कि इस तर्क को चुनौती देने का साहस न सरकार में दिखता है, न संचालकों में। दिखता है तो केवल आम आदमी का मौन, जो हर नया बोझ अपनी नियति मानकर ढोता रहता है। जब तक यह मौन नहीं टूटेगा, ऐसे नोटिफिकेशन आते रहेंगे और जेबें खाली होती रहेंगी। आज मध्य प्रदेश ने केवल बस किराया नहीं बढ़ाया, बल्कि यह संदेश दिया है कि उसकी सड़कों पर चलना अब आम नागरिक के लिए पहले से अधिक महँगा सौदा है।

# केजीपी आंदोलन में छिपा एजेंडा

केजीपी द्वारा आयोजित पेपर लीक विरोधी आंदोलन के साथ एक और समानांतर एजेंडा देखा गया। डॉ. अंबेडकर का चित्र, जय भीम के साथ सनातन धर्म विरोधी नारों एवं मनु वाद ब्राह्मण वाद आदि शब्दों के अप्रासंगिक प्रयोग द्वारा इसे छात्र आंदोलन के आवरण में एक वर्ग विशेष का सनातन विरोधी आंदोलन निरूपित करने के प्रयास हुए। इसका उद्देश्य सवर्णों को उकसाकर बंगाल चुनाव में आविर्भूत हिंदू एकता को भंग करना था। यह इस आंदोलन का छिपा एजेंडा था। इस मकसद में सफलता का पहला प्रमाण मिला जब आंदोलन समाप्ति के तत्काल पश्चात आरक्षण विरोधी आंदोलन प्रारंभ करने की सुगबुगाहट आरंभ हुई एवं सोशल मीडिया पेज पर इसके फालोअर की संख्या में निरंतर इजाफा हुआ। यदि यह आंदोलन जोर पकड़ता है तो बंगाल में अवजनित हिन्दू एकजुटता 2027 चुनाव के पूर्व कमजोर होगी। इसका दुष्परिणाम होगा सत्ता में उन तत्वों की सहभागिता जिनका हिंदू द्वेष कई बार अनावृत हुआ है।

यद्यपि इसका दूसरा पक्ष भी है कि 10 वर्ष के अंतराल से आरक्षण की समीक्षा संविधान सम्मत व्यवस्था है। परंतु संविधान को धत्ता बताकर इसे बिना समीक्षा निरंतर, यथा रूप न केवल जारी रखा गया अपितु इसका दायरा उत्तरोत्तर बढ़ाया गया। किसी भी प्रकार की असमानता चाहे वह आर्थिक हो, संसाधनों के वितरण में हो या अवसरों की असमानता हो सभी की परिणति आर्थिक असमानता में है। यह सदैव असंतोष को जन्म देती है। समाज के बड़े वर्ग में व्याप्त इस असंतोष पर संज्ञान लेकर सत्तरूढ़ दल वर्तमान आरक्षण व्यवस्था का युक्तिसंगत एवं सर्व सम्मत हल खोज दूरदर्शिता का परिचय दे। यह तथ्य है कि 1931 की जन गणना में चिह्नित की गई जातियों की संख्या चार हजार के लगभग थी। आज यह उप जातियों सहित 25 हजार के लगभग है।



## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 08 अगस्त 2026 शनिवार
सूर्योदय - 06:04 सूर्यास्त 19:01
श्रावण मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 09:00 से 10:30 तक
तिथि - दसमी 13:59 उपरांत एकादशी
नक्षत्र- रोहिणी 16:51 उपरांत मृगशिरा
योग- ध्रुव 09:02 उपरांत व्याघ्र 05:38 उपरांत हर्षण
करण - विष्टि
चन्द्रमा - वृषभ में है। 27:48 पर मिथुन में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास-सावान मास 24 तारिख

**मेष-** वित्तीय मामलों में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सफल रहेंगे।

**वृषभ-** कार्यस्थल पर आपकी बातों का प्रभाव बढ़ेगा। खानपान पर ध्यान दें, गले में खराश या दांतों में दर्द हो सकता है।

**मिथुन-** मंगल आपकी राशि में होने से ऊर्जा बनी रहेगी, लेकिन खर्चों पर नियंत्रण रखें।

**कर्क-** अनावश्यक यात्राओं से बचें और फिजूलखर्ची पर लगाम लगाएं। आंखों में भारीपन महसूस हो सकता है।

**सिंह-** कार्यस्थल पर सहकर्मियों के साथ तालमेल बनाकर चलें। प्रेम संबंधों में थोड़ा संयम और समझदारी से काम लें।

**कन्या-** शुक्र आपकी राशि में होने से रचनात्मकता और आकर्षण में वृद्धि होगी।

**तुला-** भाग्य का साथ मिलने से अटके हुए काम गति पकड़ेंगे।

**वृश्चिक-** धार्मिक या मांगलिक कार्यों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। प्रेम संबंधों में नया उत्साह और मिठास आएगी।

**धनु-** प्रतिस्पर्धियों और विरोधियों पर आपकी बढ़त बनी रहेगी।

**मकर-** नौकरी-पेशा लोगों को अपने काम में मनचाही सफलता मिलेगी। बीमारियों से बचाव रखें, खानपान सही रखें।

**कुंभ-** अनावश्यक खर्चों से बचें और अपने बजट का ध्यान रखें। लव पार्टनर के साथ छोटी-छोटी बातों पर बहस से बचें।

**मीन-** शनि आपकी राशि में होने से कार्यों में निरंतरता और अनुशासन रखें।

# मां का स्तनपान-शिशु के लिए है अमृत समान

हमारे देश में बच्चों को लंबे समय तक स्तनपान कराने की परंपरा अनादिकाल से रही है। गांव-देहातों में तो आज भी माताएं बच्चे को 12 माह से 18 माह तक दूध पिलाती है। एक शोध अध्ययन के अनुसार शिशु को बचपन में सही स्तनपान करवाने से वे शिशु स्कूल पढ़ाई में बेहतर प्रदर्शन करते हैं। गणित जैसे विषयों में उच्चतम अंक हासिल करने के साथ ही उनका बुद्धि का स्तर भी तेजी से बढ़ता है इसके साथ ही बच्चे का स्वभाव शालीन बनता है, सौम्य और आपराधिक प्रवृत्ति से मुक्त रहता है। निश्चित ही जिन बच्चों को लंबी अवधि तक स्तनपान कराया गया उनका प्रदर्शन उतना ही अच्छा रहा है।



किरण नलवाय
(दैनिक अवन्तिका)

प्रतिवर्ष 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया। इस सप्ताह के दौरान स्तनपान को लेकर जागरूकता बढ़ाने,नई माताओं के सवालों का जवाब देने और उनकी समस्याओं के समाधान उपलब्ध कराने के लिए कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज भारत में केवल 41.8 प्रतिशत नवजात शिशु को जन्म के पहले घंटे में मां का दूध मिलता है। प्रत्येक शिशु को स्तनपान कराना बहुत जरूरी है, चाहे वह नॉर्मल डिलीवरी हो या सिजेरियन डिलीवरी से। भारत जैसे विकासशील देशों में स्तनपान का महत्व और अधिक है। केरल राज्य में शिशु मृत्यु दर सबसे कम है एवं केरल के आंकड़े किसी भी विकसित राष्ट्र के बराबर है। वहां 99 प्रतिशत बच्चों को पहले 4 महीनों में केवल मां का दूध पिलाया जाता है, इन चार माह में बच्चों को शहद, चाय, पानी, जन्म घुट्टी, या ऊपर का दूध कुछ भी नहीं दिया जाता है। यह सब संभव हुआ है, वहां की माताओं के साक्षर होने के कारण। कई मां शिशु को ब्रेस्ट फीडिंग न कराकर बोतल से दूध, पानी, शहद चीनी आदि का सेवन करती है।

परिस्थितियां कैसी भी रही हो, मां हमेशा अपने बच्चों की रक्षा करती है। कोरोनाकाल में भी यह बात साबित हुई थी, इस कोरोनाकाल में भी मां का दूध बच्चों के लिए रक्षा कवच बना हुआ था। मां भले ही कोरोनाग्रस्त रही हो लेकिन स्तनपान करवाने से बच्चों को कोरोना का संक्रमण नहीं हुआ। स्तनपान को बढ़ावा देने व दुनिया भर में बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए स्तनपान कराने की जागरूकता की साप्ताहिक शुरूआत अगस्त 1990 में हुई थी । इसका उद्देश्य स्तनपान को बढ़ावा देना और बच्चों को सही पोषण और बेहतर स्वास्थ्य दिलाना है। यह स्पष्ट है कि स्तनपान करने वाली महिलाओं में कई गंभीर बीमारियों का खतरा कम हो सकता है। इसलिए मां के स्तनपान से मां व शिशु के स्वास्थ्य और विकास के लिए बेहद जरूरी है। सभी माताओं को स्तनपान के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। विकासशील देशों में यदि स्तनपान को पूरी तरह अपनाया जाए , तो प्रतिवर्ष 60 लाख बच्चों को बचाया जा सकता है। इसके साथ ही स्तनपान कराने से स्तन कैंसर के कारण हर साल मरने वाली 20 हजार माताओ की जान बचाई जा सकती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार बच्चे के जन्म के 1 घंटे से लेकर 6 महीने का होने तक स्तनपान कराने की सलाह दी जाती है। एक अध्ययन के अनुसार दुनिया भर में 10 में से 3 माताऐं बच्चे के जन्म के बाद उसकी सही देखभाल नहीं करती है। ये बच्चे बोतल से दूध पीने के कारण डायरिया और निमोनिया जैसी बीमारियों का शिकार होकर मौत का मुंह देखते हैं। अकेले भारत में 13 लाख बच्चे माँ का दूध नहीं मिलने और सिर्फ बोतल का दूध पीने की वजह से प्रतिवर्ष मर जाते हैं। डिब्बा बंद दूध पिलाने के कारण देश में लोगों को प्रतिवर्ष 7,131 करोड़ रुपए खर्च करना पड़ रहे है।

समसामयिक

## बड़ा बेटा

घर का पहला दीप है, पहली उसकी राह।
अपने आँसू पी गया, बाँटी सबकी चाह॥
माँ की आँखें बोलतीं, बेटा देगा साथ।
पिता भरोसे चल पड़े, थाम उसी का हाथ॥
कंधों पर परिवार का, लेकर सारा भार।
हँसकर हर तूफान से, करता रहा पुकार॥
मन भी उसका रो पड़ा, मगर न निकली आह।
घर का पहला दीप है, पहली उसकी राह॥
चेहरे पर मुस्कान थी, भीतर गहरा शोक।
सबको देता हौसला, सहता अपने रोक॥
आँसू पीकर बाँटता, सबको नई बहार।
मन में रखकर पीर भी, करता सबसे प्यार॥
थककर भी वह बोलता, सब हो जाए, वाह!
घर का पहला दीप है, पहली उसकी राह॥
माँ की हर उम्मीद का, बनता रहा आधार।
पिता के विश्वास का, वही रहा संसार॥
अपने सपनों से बड़ा, उसे लगा परिवार।
त्याग, समर्पण, प्रेम से, लिखता नया विचार॥
जिसने सबका भार लिया, किसको उसकी चाह
घर का पहला दीप है, पहली उसकी राह॥
पूछे जग संसार से, कैसा यह व्यवहार।
हाल सभी का पूछते, उसका कौन सहार॥
भाई-बहनों के लिए, छोड़ दिए अरमान।
ईश्वर उसके त्याग का, रखे सदा सम्मान॥
बड़ा पुत्र मुस्का दिया, कर इच्छा का दाह–
घर का पहला दीप है, पहली उसकी राह॥



डॉ सत्यवान सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

## शिव

हर श्वास में है शिव,
हर आस में हैं शिव,
विश्वास में है शिव,
शिव ही है संरक्षक।

अंतस प्रेरणा है शिव,
प्रेषक तत्व भी है शिव,
फलीभूत संकल्प है शिव,
शिव ही हैं मार्गदर्शक।

जन्म उत्पत्ति है शिव,
अटल मृत्यु भी है शिव,
अनाहत नाद है शिव,
शिव ही है मोक्षकारक।

आत्म बंधन है शिव,
प्राण प्रबंधन हैं शिव,
आनंद मिलन है शिव,
शिव ही है व्यवस्थापक ।

भूतकाल है शिव,
वर्तमान भी है शिव,
मंगलकारी है शिव,
शिव ही है कर्म संचालक ।



मोनिका डागा
(दैनिक अवन्तिका)

धर्म-आस्था

# चातुर्मास में संत-महात्मा एक ही स्थान पर क्यों ठहरते हैं?

चातुर्मास में चार महीनों तक कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है और सृष्टि एक तरह से रुक जाती है क्योंकि सृष्टि का पोषण करने वाले भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। इस दौरान साधु-संत भी भ्रमण नहीं करते, बल्कि एक ही स्थान पर ठहरे रहते हैं। इसके पीछे का कारण उनकी आध्यात्मिक उन्नति से जुड़ा हुआ है।



हिन्दू धर्म में चातुर्मास का विशेष महत्व माना जाता है। आषाढ़ शुक्ल एकादशी (देवशयनी एकादशी) से लेकर कार्तिक शुक्ल एकादशी (देवउठनी एकादशी) तक का चार महीने का समय चातुर्मास कहलाता है। वर्ष 2026 में चातुर्मास 25 जुलाई 2026 से प्रारंभ है और यह 20 नवंबर 2026 तक रहेगा। इस अवधि में भगवान विष्णु के योगनिद्रा में रहने और भगवान शिव द्वारा सृष्टि का कार्यभार संभाले जाने की मान्यता है। यही कारण है कि इस समय पूजा, व्रत, जप, तप और आध्यात्मिक साधना तथा शिव जी की पूजा पर विशेष जोर दिया जाता है। इसी दौरान यह भी देखा गया है कि चातुर्मास में संत-महात्मा एक ही स्थान पर ठहरते हैं और वे अपना भ्रमण बंद कर देते हैं।

संत-साधु कभी भी एक स्थान पर नहीं ठहरते। वे एक स्थान से दूसरे स्थान जाकर लोगों को धर्म, सदाचार और आध्यात्मिक ज्ञान का उपदेश देते हैं। लेकिन चातुर्मास में वे ऐसा नहीं करते। इसका मुख्य कारण यह है कि इस अवधि में वर्षा ऋतु शुरू हो जाती है, जिस कारण उनके भ्रमण और ठहरने को लेकर काफी समस्या हो जाती है। इस दौरान यात्रा करना भी कठिन होता है और जीव-जंतु, कीड़े-मकोड़े अधिक निकलते हैं। इसलिए, इस अवधि में वे अपना भ्रमण रोक देते हैं और चार महीने तक किसी एक स्थान पर निवास करते हैं। संतों का ठहरना जीवों की रक्षा और अहिंसा की भावना से जुड़ा है। इसे 'वर्षावास' की परंपरा कहा जाता है। जैन धर्म में भी वर्षा ऋतु के दौरान वषार्वास की परंपरा अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि जैन धर्म में छोटे से छोटे जीवन का भी ख्याल रखा जाता है। लोग जितना चलेंगे-फिरेंगे, जीव-जंतु के पैरों के नीचे कुचले जाने की संभावना उतनी ही बढ़ जायेगी। इसलिए, इस समय में भ्रमण करने के बजाय साधु-संत इस समय का इस्तेमाल आत्मचिंतन में करते हैं। यह समय विशेष साधना, जप-तप, व्रत और शास्त्र अध्ययन के लिए माना जाता है।

शास्त्रों के अनुसार, चातुर्मास आत्मसंयम, साधना और आध्यात्मिक उन्नति का समय माना गया है। इसलिए, इस दौरान संत-महात्मा अधिक समय जप, ध्यान, स्वाध्याय और शास्त्र-चर्चा में लगाते हैं। एक ही स्थान पर ठहरकर वे स्थानीय लोगों को धार्मिक प्रवचन, सत्संग और संस्कारों की शिक्षा भी देते हैं। जब संत चार महीने तक एक ही स्थान पर रहते हैं, तब लोगों को उनसे नियमित रूप से मिलने और आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त करने का अवसर मिलता है। इसके अलावा इस समय में खान-पान को लेकर भी कई नियमों का पालन करना होता है। कई चीजें हैं, जो बरसात में खाना निषेध होता है। साधु-संतों के लिए भोजन को लेकर इस नियम का पालन तभी संभव है, जब वे एक स्थान पर रहे क्योंकि उनका भोजन भी अलग-अलग स्त्रोतों पर आधारित होता है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6500 से 6600 विशाल 6300 से 6400 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 7700 से 7900 महाराष्ट्र लाल 8000 से 8200 कर्नाटक 8100 से - 8300 निमाड़ी तुअर 6500 से 7600 मूंग बेस्ट गर्मी 7200 से 7500 मूंग बेस्ट बोल्ड 7600 से 7800 मीडियम बोल्ड 7400 से 7600 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 9300 से 9500 उड़द गर्मी 8600 से 9300 ग्रेविटी क्लीन 9700 से 10000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6100 से 6200 बिटकी 5300 से 5400 सरसों निमाड़ी 8100 से 8300 रायडा 7100 से 7200 करंज 5000 से 5200 सोयाबीन 7000 टोली 5300 से 5400 अलसी 8500 से 9000 तिल्ली 8000 से 9000 गेहूं मिल क्वालिटी 2500 से 2550 लोकबन 2750 से 2800 पूर्णा 2550 से 2600 मालवराज 2600 से 2650 मक्का 1975 से 2000 चना दाल 7400 से 7500 मीडियम 7800 से 7900 बेस्ट 8000 से 8300 तुअर दाल 7300 से 7500 मीडियम 8400 से 8700 बेस्ट 9900 से 10100 एक्स्ट्रा बेस्ट -10900 से 11000 ब्रांडेड 12500 मूंग दाल 8900 से 9000 रुपए।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 13500 से 14000 देशी 10000 से 11000 एवरेज 8000 बारीक 4000 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2462-2946, काबली- 5130-8211, बड़ा- 4570-5600, मसूर- 5801-7271, सरसो- 7050-7601, सोयाबीन 3536-7381, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,46,200 रवा- 1,46,000 चांदी- टंच- 2,31,000 पाट- 2,30,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## दरगाह मेले से दो बेटियों की मां लापता

**शुजालपुर।** मंडी थाना क्षेत्र अन्तर्गत भीलखेड़ी गांव के समीप शिवपुरा स्थित दरगाह में एक दिवस पूर्व बड़ा धार्मिक आयोजन हुआ था, जिसमें दूर दराज से नागरिक शामिल हुए थे। यहां से विवाहित महिला के रहस्यमय ढंग से लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार बेरछा निवासी महिला ने शिकायत दर्ज कराई कि अपनी बेटी रानी को दरगाह मेले में लेकर आई थी। रानी की शादी करीब सात वर्ष पहले सीहोर जिले में हुई थी। वह दो बेटियों की मां है। बुधवार दोपहर करीब 1.30 बजे मेले के दौरान रानी अचानक लापता हो गई।

## देवास में बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**देवास।** देवास के आवास नगर में 67 वर्षीय एक बुजुर्ग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। यह



घटना देर रात की है। मृतक की पहचान आवास नगर निवासी श्रीकांत देशमुख के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, देर रात करीब 12 बजे श्रीकांत देशमुख ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद उनके बेटे नितिन देशमुख कंपनी (ऑफिस) से घर लौटे तो उन्होंने अपने पिता को फंदे पर लटका देखा। घटना के समय घर में बहू भी मौजूद थी, जो अपने कमरे में थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला चिकित्सालय भिजवाया। पोस्ट-मार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## राजस्व मंत्री ने बाबा बैजनाथ महादेव का किया जलाभिषेक



**आगर-मालवा।** मास के पावन अवसर पर प्रदेश के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा ने आगर प्रवास के दौरान जिले के आस्था केंद्र प्राचीन बाबा बैजनाथ महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान शिव के दर्शन किए। उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि-विधान से जलाभिषेक कर प्रदेश एवं जिलेवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। जलाभिषेक की धार्मिक विधि पंडित वासुदेव शर्मा एवं पंडित मनीष व्यास ने संपन्न कराई। मंत्री वर्मा ने भगवान भोलेनाथ से प्रदेश में सुख-शांति, समृद्धि और अच्छी वर्षा की प्रार्थना की। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर कमल मंडलोई, तहसीलदार विजय सेनानी, अन्य प्रशासनिक अधिकारी, मंदिर के पुजारी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## एसपी ने सोयतकला थाने का किया निरीक्षण

**सोयतकल।** पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी ने सोयतकला थाने का औचक निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था, लंबित अपराधों और आपदा प्रबंधन तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने थाना अभिलेख, अपराध एवं शिकायत पंजी, लंबित विवेचनाएं, मालखाना, शस्त्रागार, हवालात और सीसी टीएनएस कार्य का निरीक्षण कर लंबित प्रकरणों के समयबद्ध एवं निष्पक्ष निराकरण के निर्देश दिए। एसपी ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, रात्रि गश्त बढ़ाने और संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसपी ने सोयत खुर्द रोड स्थित कंठाल नदी और माचलपुर रोड पर कालीसिंध नदी पुलिया का भी निरीक्षण किया।

## दूध, मावा और मिठाई के नमूने जांच के लिए भेजे

**अकोदिया।** दूध एवं दुग्ध उत्पादों में मिलावट रोकने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष निगरानी अभियान जिले में लगातार जारी है। इसी क्रम में जिला स्तरीय संयुक्त दल ने धतुरिया स्थित श्री सांवरिया दूध डेयरी से गाय के दूध और मावा के दो नमूने तथा मां जगदंबा रेस्टोरेंट से मिठाई के दो नमूने लिए। कुल चार खाद्य नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट में यदि नमूने अमानक या मिलावटी पाए जाते हैं तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# महेंद्र बनकर रचा प्रेमजाल, असली नाम निकला शाहरुख इंजीनियर युवती से दुष्कर्म, 8 लाख की ठगी का आरोप

देवास

शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र में धार्मिक पहचान छिपाकर एक युवती से दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और लाखों रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पुलिस ने जयश्री नगर निवासी आरोपी शाहरुख बेग को गिरफ्तार कर लिया है। आरोप है कि उसने खुद को महेंद्र चंद्रावत बताकर पुणे में रहने वाली राजस्थान की एक युवती से दोस्ती की, शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए और उसके बैंक खातों व ऑनलाइन भुगतान माध्यमों का दुरुपयोग कर करीब 7 से 8 लाख रुपये की ठगी की। पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है।

### कैफे में हुई पहचान, बढ़ी नजदीकियां

पुलिस के अनुसार पीड़िता मूल रूप से राजस्थान की रहने वाली है और पुणे की एक निजी कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत है। जिस कंपनी में युवती काम करती थी, उसके सामने आरोपी का कैफे संचालित होता था। रोजाना आने-जाने के दौरान दोनों की पहचान हुई और बातचीत शुरू हो गई।

युवती का आरोप है कि आरोपी ने अपना नाम महेंद्र बताते हुए खुद को हिंदू युवक के रूप में परिचित कराया। कुछ समय बाद उसने दोस्ती को प्रेम संबंध में बदल दिया और शादी करने का भरोसा दिलाकर युवती का विश्वास जीत लिया।

### शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

शिकायत के मुताबिक आरोपी ने लगातार शादी का आश्वासन दिया और इसी भरोसे पर युवती के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पहले से ही धोखाधड़ी की



नीयत से उसके करीब आया था।

युवती ने पुलिस को बताया कि आरोपी ने योजनाबद्ध तरीके से उसे उसके दोस्तों और परिचितों से दूर कर दिया, ताकि वह पूरी तरह उसी पर निर्भर हो जाए और किसी को अपनी निजी बातें न बता सके।

पीड़िता के अनुसार आरोपी ने धीरे-धीरे उसके मोबाइल फोन, फोनपे, बैंक खाते और अन्य ऑनलाइन बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी हासिल कर ली। इसके बाद उसने अलग-अलग माध्यमों से उसके खातों से पैसे निकालना शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपी ने ऑनलाइन ट्रांजेक्शन और डिजिटल पेमेंट के जरिए करीब 7 से 8 लाख रुपये अपने कब्जे में कर लिए। इतना ही नहीं, उसने युवती के नाम पर एक मोबाइल फोन भी फाइनेंस करा लिया।

### बैंक के कॉल से खुला पूरा मामला

मामले का खुलासा तब हुआ, जब बैंक की ओर से युवती को फोन कर बताया गया कि उसके नाम पर लिए गए मोबाइल लोन की ईएमआई जमा नहीं हो रही है।

यह जानकारी सुनकर युवती हैरान रह गई, क्योंकि उसने कभी कोई मोबाइल फाइनेंस नहीं कराया था। इसके बाद उसने अपने बैंक खातों और लेन-देन की जांच की, जिसमें लाखों रुपये की निकासी का पता चला।

### रुपये मांगने देवास पहुंची तो दी धमकी

पीड़िता का आरोप है कि जब उसे धोखाधड़ी का पता चला तो वह अपने रुपये वापस लेने के लिए देवास पहुंची, जहां आरोपी का निवास है। युवती का कहना है कि रुपये लौटाने के बजाय आरोपी ने उसे धमकाया और वहां से भगा दिया। इसके बाद उसने कानूनी कार्रवाई करने का फैसला लिया।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, आरोपी गिरफ्तार

युवती ने गुरुवार को देवास के सिविल लाइन थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धोखाधड़ी और अन्य संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। सिविल लाइन थाना प्रभारी अमित सोलंकी ने बताया कि आरोपी मूल रूप से देवास का रहने वाला है और पुणे में कैफे संचालित करता था। शिकायत मिलने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

चोरी के ढाई लाख रुपए बरामद, तीन आरोपी गिरफ्तार

# पुलिस ने लॉकर, मोबाइल और बाइक भी जब्त की, न्यायालय ने भेजा जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मंडी थाना क्षेत्र में चार दिवस पूर्व हुई कूरियर कंपनी के गोदाम में चोरी के मामले में थाना शुजालपुर मंडी पुलिस ने खुलासा करते हुए बड़ी सफ लता हासिल की है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी गई नगदी में से 2.50 लाख रुपए बरामद किए हैं। इसके साथ ही वारदात में प्रयुक्त बाइक, दो मोबाइल फोन तथा टूटा हुआ लॉकर भी जब्त किया गया है।

थाना प्रभारी शिवकुमार यादव ने बताया कि 2 अगस्त को फ रियादी विनोद अहिरवार निवासी उगली ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आष्टा रोड स्थित उसके कार्यालय से अज्ञात बदमाश 2.96 लाख रुपए चोरी कर ले गए। प्रकरण दर्ज कर पुलिस अधीक्षक प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय तथा



एसडीओपी निमेष देशमुख के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। जांच और मुखबिर तंत्र की मदद से पुलिस ने अनमोल रायकवार 24 वर्ष अनीत आठिया 22 वर्ष और अमन रायकवार 24 वर्ष तीनों निवासी भोई मोहल्ला शुजालपुर मंडी को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर चोरी की नगदी में से 2.50 लाख रुपए बरामद किए गए। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक बाइक, दो मोबाइल फ ोन और टूटा हुआ लॉकर भी जब्त किया गया। पुलिस आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेजने के आदेश दिए।

### इनकी रही भूमिका

इस कार्यवाही में निरीक्षक शिवकुमार यादव, उपनिरीक्षक तेजप्रकाश बोहरे, सहायक उपनिरीक्षक जगदीश काजले, प्रधानआरक्षक रंजीत भनेरिया, बलराम यादव, आशीष वर्मा, आरक्षक पवन परमार, विरेन्द्रसिंह बना, रवि वर्मा, मांगीलाल लववंशी, प्रहलाद जाट, महेश की सरहानीय भूमिका रही।

युवाओं की रगों में जहर घोलने वाले को सजा

# गांजे की खेती और चरस बनाने वाले आरोपी को 15 साल की जेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

समाज और विशेषकर युवाओं की रगों में नशे का जहर घोलने वाले ड्रग तस्करों के खिलाफ न्यायालय ने कड़ा संदेश दिया है।



फसलों की आड़ में गांजे की अवैध खेती करने और घर के भीतर चरस तैयार करने वाले ग्राम टिटवास शुजालपुर निवासी आरोपी अर्जुन मीणा को शाजापुर की विशेष एनडीपीएस कोर्ट ने गुरुवार को दोषी करार दिया। विशेष सत्र न्यायाधीश (एनडीपीएस) ने आरोपी को 15 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 1 लाख 50 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। इसके अलावा संबंधित अन्य प्रावधानों में उसे 1 वर्ष की अतिरिक्त सजा और 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है।

इस प्रकरण का प्रभावी अनुसंधान तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक सौरभ शर्मा द्वारा किया गया। विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने न्यायालय में चालान पेश किया। विचारण के दौरान अभियोजन पक्ष ने मजबूत साक्ष्य और गवाहों के माध्यम से आरोपों को सिद्ध किया।

### पलंग के नीचे मिले थे चरस के लड्डू

पुलिस की सघन तलाशी के दौरान खेत से एक से तीन फीट ऊंचाई वाले गांजे के 20 पौधे बरामद किए गए। इसके बाद जब पुलिस ने खेत पर ही बने मकान की तलाशी ली, तो वहां एक कमरे में पलंग के नीचे प्लास्टिक की थैली में छिपाकर रखे गए चरस के लड्डू बरामद हुए। जब्त किए गए इस मादक पदार्थ का कुल वजन 7 किलो 400 ग्राम था। पुलिस ने तुरंत माल जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत प्रकरण दर्ज किया।

# छात्रा से छेड़छाड़ और मारपीट, आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

अकोदिया में एक नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर अकोदिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार को आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार घटना बुधवार रात की है, जब नाबालिग छात्रा अपने घर के बाहर टहल रही थी। तभी मोहल्ले का एक युवक मोटरसाइकिल लेकर वहां पहुंचा और छात्रा का दुपट्टा उसकी बाइक में फंस गया। दुपट्टा निकालते समय आरोपी ने छात्रा से गाली-गलौज करते हुए छेड़छाड़ और मारपीट की।

परिजनों के साथ थाने पहुंची पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया और दोपहर करीब 3 बजे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने जितेन्द्र खत्री पिता श्री गोविन्दराम खत्री आदि निवासी-123, कस्तूरी बाग, उज्जैन (म.प्र.) से उनके आधिपत्य का क्रय अनुबंधित भूखण्ड म्युनिसिपल क्रमांक 103, जिसका कुल क्षेत्रफल 90.00 वर्गमीटर, स्थित कृष्ण परिसर एक्सटेंशन कॉलोनी गोयलाखुर्द इंदौर रोड़, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में- भूखण्ड क्रमांक 90, पश्चिम में- सड़क कॉलोनी की, उत्तर में- भूखण्ड क्रमांक 102 एवं दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 104 है, जिसके मूलस्वामी श्रीमती श्वेता मारू पति श्री अश्विन मारू निवासी-छोटा बाजार, उन्हेल जिला उज्जैन (म.प्र.) है, को क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन बयाना राशि का भुगतान भी उनको कर दिया है यदि उक्त संपूर्ण भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो।

दिनांक : 07.08.2026

**विवेक गुप्ता, एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**मोबा- 98272-28461**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण कलाबाई पति स्व. गोपालसिंह व कल्याण सिंह पिता स्व. गोपालसिंह हैं जो कि 226 बापू नगर, आगर रोड़ के निवासी हैं, मैं वृद्ध हैं और बेटा सिर की चोट के कारण मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थ नहीं है, उसे मिर्गी का दौरा आता है और रहवासी भवन के अतिरिक्त एक भवन क्र. 246 एलआईजी सेकण्ड का दक्षिण दिशा वाला भाग जो कि अतिरिक्त विश्व बैंक कॉलोनी में स्थित होकर मध्यप्रदेश म.प्र. गृ.नि.मं. योजना का भवन कल्याण सिंह ने 2017 में खरीदा था जिसे उसके भाई स्व. दिलीप ने अपने जीवनकाल में षड्यंत्रपूर्वक उक्त भवन पर अपना नाम चढ़वा लिया था, उसकी मृत्यु हो जाने से उसकी पत्नी सीमा द्वारा षडयंत्रपूर्वक पति दिलीप की मृत्यु के बाद उक्त भवन बेचने पर आमादा है जबकि मेरे पक्षकार का उक्त भवन पर संपूर्ण वैधानिक अधिकार है क्योंकि उक्त भवन मेरे पक्षकारगण ने किराये से दे रखा है, जिसकी आमदानी से उनका भरणपोषण चलता है। उक्त भवन को दुर्भावनापूर्वक मृतक दिलीप की पत्नी सीमा द्वारा अफरातफरी कर विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है जबकि उसे कोई अधिकार नहीं है। कोई भी व्यक्ति, संस्था, या समूह या अन्य किसी भी प्रकार से उक्त भवन के संबंध में सीमा पति स्व. दिलीप से कोई भी संव्यवहार ना करे अन्यथा वह मेरे पक्षकारगण के प्रति निष्प्रभावी माना जावेगा व समस्त दायित्व उनके स्वयं के होवेंगे जिसके लिये मेरे पक्षकारगण दायित्वाधीन नहीं माने जावेंगे, जो सूचित होवे।

इति दिनांकः 08/08/2026 स्थानः उज्जैन

**राजेन्द्र सिंह चौहान, एडवोकट**
**चैम्बर नं. 29 जिला न्यायालय परिसर उज्जैन मो. 9399338376**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शंकरलाल पिता श्री गंगाराम, निवासी-उज्जैन से उनके एकल स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यपवर्तित भूमि सर्वे क्रमांक-108/3 रकबा 0. 53 हेक्टर में रकबा 0.19 हेक्टर भूमि जो कि, ग्राम लिम्बापिपल्या तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित हैं। उपरोक्त वर्णित भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने किया हैं तथा विक्रय प्रतिफल की बयाना राशि अदा कर दी हैं। यदि उक्त भूमि को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, दानग्रस्त व प्रतिभूति ग्रस्त, अनुबंधग्रस्त, सौदा चिट्ठी, बंधकग्रस्त, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या इस विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो या मूल दस्तावेज कहीं बंधकग्रस्त हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 07 दिवस में मय प्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि गुजर जाने के पश्चात उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का पंजीकृत करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं होगी। सो सूचित हो । इति दिनांक-07.08.2026

**राजेश बांठिया एडव्होकेट**
**ए-5, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड़, उज्जैन**
**मो-98272-64140**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार द्वारा 1. गोकुल पिता नाथु आयु 44 साल पता पालडा 2. शिवलाल पिता माधोजी आयु 58 साल जाति चमार पता पालडा 3. बालू पिता माधोजी आयु 43 साल जाति चमार पता पालडा 4. गीताबाई पिता माधोजी पति गंगाराम आयु 52 साल जाति चमार पता निवासी पालडा हा.मु. ग्राम करजू जिला शाजापुर 5. सीताबाई पिता माधोजी पति पीरुलाल आयु 40 आयु जाति चमार पता- निवासी पालडा हा.मु. देहरिया साहू 6. प्रभूलाल पिता रामा जाति चमार आयु 49 साल, निवासी पालडा 7. राधेश्याम पिता रामा जाति चमार आयु 40 साल, निवासी पालडा 8. गंगाबाई बेवा रामा जाति चमार आयु 70 साल निवासी पालडा तहसील सुसनेर म.प्र. के स्वत्व एवं स्वामित्व व अधिपत्य की भूमि जिसका पटवारी पालडा में स्थित भूमि विक्रेतागण क्रमशः गोकुल पिता नाथू, जाति चमार सर्वे नंबर 225 रकबा 1.29 हेक्टर, एवं विक्रेता क्रमाक 2 शिवलाल पिता माधो, विक्रेता क्रमांक 3 बालू पिता माधो, विक्रेता क्रमांक 4 गीताबाई पिता माधो, विक्रेता क्रमांक 5 सीताबाई पिता माधो की सामलाती भूति सर्वे नंबर 21/5 5 रकबा 0.26 एवं सर्वे नंबर 19/1 S रकबा 0.12, एवं सर्वे नंबर 23/25 5 रकबा 0.09, एवं सर्वे नंबर 15/25 रकबा 0.04, कुल रकबा 0.51 हेक्टर एवं विक्रता क्रमांक 6 प्रभूलाल पिता रामा, विक्रेता क्रमांक 7 राधेश्याम पिता रामा एवं विक्रेता क्रमांक 8 गंगाबाई बेवा रामा की सामलाती भूमि सर्वे नंबर 21/45 रकबा 0.26 एवं सर्वे नंबर 23/4 S रकबा 0.08 कुल रकबा 0.34 सभी विक्रेतागण का कुल रकबा 2.14 हेक्टर जो ग्राम पालडा तहसील सुसनेर म.प्र में स्थित है को क्रय किया जाना होकर आंशिक बयाना देकर अनुबंधपत्र संपादित करवा लिया है। यह कि उक्त सम्पत्ति पर किसी लिखित या मौखिक माध्यम से किसी भी शासकीय, अर्थशासकीय संस्था, व्यक्ति/संस्था/सोसायटी आदि का रजिस्टर्ड, अनरजिस्टर्ड ऋण/भार/बोझ/ मेन्टेनेंस/फाइनेंस, प्रायवेट फाइनेंस, जमानत, चार्ज, गिरवी, दान, बक्षिस का भार हो या कियी तरह हो या किसी तरह से हित अधिकार, स्वत्व, सुखाधिकार, दावा/आपत्ति हो या अर्जन कार्यवाही लंबित हो, निगमित निकाय/संस्था व्यक्ति का हित, उज्र आदि हो तो मय लेखी प्रमाण के हमारे कार्यालय में 15 दिन में लिखित आपत्ति दर्ज करावे। बाद मियाद के किसी भी प्रकार की उज्र/आपत्ति, दावा आदि मान्य नहीं होगी तथा हमारे पक्षकर पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचित हो। दिनांक 7/8/2026

**दीपक सक्सेना एडव्होकेट**
**आगर रोड सुसनेर**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राकेश सोनगरा पिता श्री ज्ञानचंद सोनगरा निवासी 518, तिरूपति हाईट्स, उज्जैन (म.प्र.) ने रणछोड़लाल पिता श्री भागीरथ निवासी 9/1, सदावल, अम्बोदिया मार्ग, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 480/2 रकबा 0.390 हेक्टर स्थित ग्राम जियापुरा तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को क्रय करने का सौदा किया होकर विधिवत बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदिं उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 1 माह तक की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक :- 07/08/2026 उज्जैन

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**



किशोर कुमार के सदाबहार गीतों से सजी संगीत संध्या

## वागेश्वरी संगीत मंच ने प्रतिभाशाली गायकों का किया सम्मान, श्रोताओं ने सराहा आयोजन

**शुजालपुर।** वागेश्वरी संगीत मंच के तत्वावधान में रामचंद्र चौबे स्मृति विद्यालय में महान पाश्र्व गायक किशोर कुमार की जयंती के अवसर पर संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों ने किशोर कुमार के सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को देर तक बांधे रखा। कार्यक्रम का संयोजन गायक आनंद शर्मा एवं मधु चौधरी के सानिध्य में किया गया। मुख्य अतिथि बलवंतराव पवार रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता अश्विनी चौधरी, विशेष अतिथि के रूप में पूर्व बैंक प्रबंधक अचलसिंह मेवाडा, मधु मंडलोई उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिले एवं संभाग स्तर पर लोकगीत प्रतियोगिताओं में पहचान बना चुके गायक विक्रम सिंह तोमर, निधि देशमुख एवं अभिषेक विश्वकर्मा का मंच की ओर से सम्मान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ रेणु चौधरी द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। देवेंद्र विश्वकर्मा ने मुसाफि र हूं यारों गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं, वहीं आयुषी जोशी ने आकर्षक स्वागत नृत्य की प्रस्तुति दी। तहसील के विभिन्न प्रतिष्ठित गायकों ने भी अपनी प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बनाया। इस दौरान युवा गायक विक्रमसिंह तोमर, निधी देशमुख व अभिषेक विश्वकर्मा का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आशीष हरदेनिया व आभार मंच उपाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने माना। इस दौरान अजय शाह, धीरज शाह, प्रवीण जैन, उदय चौधरी, वैभव तिवारी सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

## जिजाऊ ब्रिगेड में संगठन विस्तार, तीन पदाधिकारियों की नियुक्ति

**शुजालपुर।** मराठा सेवा संघ प्रणीत जिजाऊ ब्रिगेड मध्य प्रदेश ने संगठन विस्तार के तहत विभिन्न जिलों में नई नियुक्तियों की घोषणा की है। प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट कोमल कुलदीप देशमुख ने संगठन को मजबूत करने और महिला सशक्तिकरण अभियान को गति देने के उद्देश्य से यह नियुक्तियां की हैं। घोषित नियुक्तियों के अनुसार प्रो. डॉ. प्राची निकम को इंदौर जिला अध्यक्षा, पद्मिनी चव्हाण को धार जिला अध्यक्षा तथा प्रिया पाटील को बुरहानपुर जिला सचिव बनाया गया है। प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट कोमल कुलदीप देशमुख ने कहा कि जिजाऊ ब्रिगेड का उद्देश्य राजमाता जिजाऊ के आदर्शों और विचारों को समाज तक पहुंचाना तथा महिलाओं के सामाजिक, शैक्षणिक, वैचारिक और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए संगठित प्रयास करना है। उन्होंने विश्वास जताया कि नव-नियुक्त पदाधिकारियों के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से संगठन को नई मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए महिलाओं को संगठित करने, जिजाऊ ब्रिगेड की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाजहित में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।



मिशन अंकुर की समीक्षा, कमजोर प्रदर्शन पर कार्रवाई के निर्देश

## एसडीएम ने कहा सभी स्कूलों में शत-प्रतिशत मेंटरिंग और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण सुनिश्चित करें

**शुजालपुर।** एसडीएम शुजालपुर अंकिता पाटकर ने गुरुवार को मिशन अंकुर एफ एलएन के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षण गुणवत्ता की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शत-प्रतिशत मेंटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मिशन के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले एवं कमजोर प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। समीक्षा बैठक में एसडीएम ने एफ एलएन मेंटरिंग पोर्टल से मर्ज हो चुकी शालाओं को हटाकर सभी विद्यालयों में नियमित मेंटरिंग कराने, शिक्षक संदर्शिका का कक्षा शिक्षण में प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक विद्यालय में वर्कबुक की फ ीडबैक सहित जांच कराने के निर्देश दिए।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री प्रवीण हिंगे आत्मज श्री कृष्णराव हिंगे एवं श्री नितिन हिंगे आत्मज श्री कृष्णराव हिंगे, निवासी सी-12/32, ऋषिनगर, उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व का भवन, जो कि श्री कृष्णर्चना होटल के नाम से जाना जाता है, जो कि भूखण्ड क्रमांक ए-2, एवं भूखण्ड क्रमांक ए-1, शिवम परिसर, नानाखेड़ा, उज्जैन (म.प्र.) पर निर्मित है क्रय करने का अनुबंध किया है एवं बयाना राशि अदा कर दी है । इस भवन पर वर्तमान स्वामी ने बैंक ऑफ बड़ौदा, फ्रीगंज शाखा, उज्जैन (म.प्र.) से ऋण ले रखा है। इसके अलावा अन्य किसी व्यक्ति/बैंक/वित्तीय संस्था का इस भवन पर भार हो या किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में आद्योहस्ताक्षर कर्त्ता को सूचित करें । इति दिनांक 08.08.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटपरकर मार्ग, माधव नगर, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.)**
**456010 मोबाइल 9827228461**

## जाहिर सूचना


सर्व साधारण एवं सर्व संबंधित को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी धर्मेन्द्र शर्मा पिता रामेश्वर जी शर्मा, निवासी- 99-बी, मोहन नगर, उज्जैन हालमुकाम - 18-स, गीता कॉलोनी, अंकपात मार्ग, उज्जैन के एकांकी स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 18/अ, स्थित गीता कॉलोनी, अंकपात मार्ग, उज्जैन में है। उक्त भवन के भूखंड का कुल क्षेत्रफल 81.23 वर्गमीटर है। उक्त भवन दो मंजिला आरसीसी का निर्मित है, को क्रय करने का सौदा किया है तथा लिखित अनुबंध पत्र का संपादन कर बयाना राशि अदा कर दी है।

अतः उक्त वर्णित भवन पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था, शासन, प्रायव्हेट व्यक्ति आदि का कोई ऋण, भार, मेन्टेनेन्स बकाया हो या उक्त वर्णित भवन में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार किसी भी रूप में निहीत हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 3 (तीन) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके। अन्यथा बाद म्याद गुजरने मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित भवन का विधिवत विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेंगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक- 07-08-2026 स्थान - उज्जैन

**श्याम गुप्ता, एडवोकेट**
**आफिस नंबर - सीएफ-8, भरतपुरी शांपिंग काम्पलेक्स, देवास रोड़ उज्जैन**
**मोबाईल नंबर - 99264 66157**

## जागीरदार मुस्लिम विकास परिषद के अध्यक्ष नियुक्त



**तराना।** मध्य प्रदेश मुस्लिम विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष एड-वोकेट मोहम्मद माहिर एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शेख नियाज मोहम्मद की सहमति से जिला अध्यक्ष फिरोज भारती ने जिला कार्यकारी का गठन किया है। जिसमें तराना नगर अध्यक्ष शकूर भाई जागीरदार, एवं तराना ब्लॉक अध्यक्ष नौशाद खान टिटोडी को बनाया गया है इस नियुक्ति पर ईस्ट मित्रों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल पटवारी ने तोड़ा दम



**सुसनेर।** सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए पटवारी नब्बूलाल का उज्जैन के अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। जानकारी के अनुसार वे सोयत कंठालिया से सुसनेर की ओर बाइक से आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद उन्हें तत्काल सिविल अस्पताल सुसनेर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उन्हें उज्जैन रेफर कर दिया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। पटवारी नब्बूलाल के असामयिक निधन से राजस्व विभाग, पटवारी संघ और क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सहकर्मियों ने उनके निधन को अपूरणीय क्षति बताते हुए शोक व्यक्त किया।

## कन्हैयालाल मेहता विचार मंच के सैफुद्दीन बादशाह बने अध्यक्ष



**बड़नगर।** कन्हैयालाल मेहता विचार मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय ओंकारलीला पैलेस में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सैफुद्दीन बादशाह, उपाध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, सचिव उमाशंकर मेहता, संयुक्त सचिव प्रमोद जैन (मैनेजर), संगठन सचिव विनोद मकवाना, कोषाध्यक्ष जितेंद्र काला, मीडिया प्रभारी राजकुमार नाहर मनोनीत किये गये । नवीन दायित्व मिलने पर इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने सभी पदाधिकारियों को पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर संस्था के अनेक सदस्य और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जानकारी संस्था संयोजक प्रमोद गादिया ने दी।

## ढाबे पर विवाद के बाद युवक की मौत



**खरसौदकलां।** खरसौदकलां के समीप बड़नगर रोड स्थित एक ढाबे पर बुधवार रात खाना खाने के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद के बाद हुई मारपीट में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार समीपस्थ ग्राम खेड़ानारायण निवासी अखिलेश पिता करणसिंह कीर (32 वर्ष) अपने चार-पांच साथियों के साथ खरसौदकलां स्थित एक ढाबे पर बुधवार शाम 9-10 बजे के दरम्यान भोजन करने पहुंचे थे। उसी दौरान वहां खरसौदकलां के कुछ युवक भी मौजूद थे। किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते विवाद और मारपीट में बदल गई। बताया जा रहा है कि मारपीट के दौरान अखिलेश भागते समय सड़क किनारे स्थित एक कुएं में गिर गया। साथियों ने उसे बाहर निकालकर तत्काल खरसौदकलां के एक निजी क्लीनिक ले जाने का प्रयास किया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को कांग्रेसजनों ने

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की लंबित दावा राशि के भुगतान की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टोंकखुर्द





भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस टोंकखुर्द ब्लॉक अध्यक्ष योगेन्द्र सोलंकी के नेतृत्व में किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की लंबित दावा राशि के भुगतान की मांग को लेकर गुरुवार को तहसील कार्यालय टोंकखुर्द में राज्यपाल के नाम अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन का वाचन जनपद पंचायत अध्यक्ष पोपसिंह ठाकुर ने किया।

ज्ञापन में बताया गया कि तहसील टोंकखुर्द के बड़ी संख्या में किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत नियमानुसार फसल बीमा कराया था, लेकिन फसल खराब होने के बावजूद आज तक अधिकांश किसानों को बीमा दावा राशि प्राप्त नहीं हुई है। जबकि प्रदेश सरकार द्वारा बीमा राशि वितरण की घोषणा की जा चुकी है, इसके बावजूद देवास जिले की टोंकखुर्द तहसील के लगभग 90 प्रतिशत किसान अभी भी बीमा राशि से वंचित हैं। इससे किसानों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है।

युवा कांग्रेस ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की लंबित दावा राशि का शीघ्र भुगतान कराया जाए। साथ ही सोयाबीन का समर्थन मूल्य न्यूनतम 7000 रुपये प्रति क्विंटल एवं गेहूं का समर्थन मूल्य 3000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया जाए।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि तेज हवा एवं बारिश के कारण खेतों में लगे बिजली के खंभे क्षतिग्रस्त हो गए हैं तथा कई स्थानों पर बिजली के तार नीचे लटक रहे हैं, जिससे जनहानि की आशंका बनी हुई है। इस समस्या का शीघ्र निराकरण कराने की भी मांग की गई।

युवा कांग्रेस ने प्रशासन से किसानों की समस्याओं का गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल समाधान करने का आग्रह किया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उचित कार्रवाई नहीं की गई तो किसानों के हित में युवा कांग्रेस द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

**तराना**

भारतीय किसान संघ तराना एवं माकड़ौन के द्वारा वाहन रैली निकाली गई। यह रैली कृषि उपज मंडी प्रांगण से से शुरू हुई एस डी एम कार्यालय पहुची जहा पर किसानों द्वारा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान संघ तहसील अध्यक्ष कैलाशचंद्र रावल ने बताया कि सोयाबीन 2025 एवं गेहूं 2026 का फसल बीमा का भुगतान नहीं हुआ है। तराना एवं माकड़ौन के लगभग सभी हल्के के किसक प्रधानमंत्री फसल बीमा से वंचित रह गए है। जिसके कारण किसान अनिश्चितकाल तक धरना एवं आंदोलन के राह पर अग्रसर हो रहे हैं। बीमा कंपनी की उक्त अनियमित कारण किसानों में भारी आक्रोश है। किसानों के खाते से बैंक में सोयाबीन 2025 एवं गेहूं 2026 की प्रीमियम काटने के पश्चात भी अभी तक 1 वर्ष पूरा हो गया है लेकिन बीमा राशि आज दिनांक तक भुगतान नहीं हुई है जो राशि प्राप्त हुई है वह मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुआवजा हेतु प्राप्त हुई थी लेकिन बीमा कंपनी इसे बीमा क्लेम का भुगतान मांग कर किसानों के अधिकार का हनन कर रही है। वहीं किसानों द्वारा मांग की गई है कि बीमा राशि डालने हेतु शासन द्वारा संबंधित कंपनी को निर्देशित किया जाए। राशि नहीं मिलने पर आंदोलन अभी तहसील स्तर पर है इसके पश्चात जिला स्तर पर एवं प्रांतीय स्तर पर किया जावेगा।

इस दौरान जिला अध्यक्ष बहादुर सिंह आंजना, महामंत्री ईश्वर सिंह राजपूत, कमल सिंह आंजना, संभाग से तेज बहादुर सिंह गुर्जर, जगदीश अमरतिया इटावा, जिला मंत्री शिवचरण, मुकेश वर्मा कर्नादी, जिला उपाध्यक्ष रमेश चंद्र मंडलोई, सत्यनारायण सेठ करंज, सत्यनारायण कथा नागेश्वर रावल सोनू बना शंकर सिंह लोध, प्रवीण रावल हरिओम पाटीदार मदनलाल पाटीदार तहसील की प्रत्येक ग्राम समिति के किसान बंधु शामिल रहे।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर युवा कांग्रेस पदाधिकारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कृपाल मकवाणा, विधानसभा अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह सेंधव, इरफान पटेल, रोहन सिंह राजपूत, जितेन्द्र जागीरदार, हेमेंद्र सिंह शक्ति बना, राजपाल सिंह, हेमराज चौहान सहित सेकड़ो कि संख्या मे युवा कांग्रेस कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे ।

बम-बम भोले के गगनभेदी नारों से गूंजा बड़नगर

# श्री बुद्धेश्वर महादेव मित्र मंडल की 8वीं भव्य कावड़ यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



सावन के पावन महीने में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्री बुद्धेश्वर महादेव मित्र मंडल द्वारा आयोजित सफलतम आठवीं भव्य कावड़ यात्रा श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ श्री बुद्धेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई। यात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन स्थित महाकाल मंदिर पहुंचेगी।

यात्रा में पुरुष, महिलाएं और बच्चे केसरिया और लाल वस्त्रों में शिवमय होकर शामिल हुए। महिलाएं लाल साड़ियों में सिर पर कलश लेकर बम बम भोले के जयकारे लगा रही थीं। वहीं पुरुष और युवा केसरिया टी-शर्ट में कावड़ और डंडों के साथ चलते नजर आए। यात्रा की सबसे खास बात रही कि आगे-आगे डीजे पर भजन बजते रहे और श्रद्धालु नाचते-गाते चल रहे थे। एक गोरिल्ला कॉस्ट्यूम और आकर्षक झांकियां भी यात्रा का हिस्सा बनीं, जिसे देखकर बच्चे खासे उत्साहित दिखे। रास्ते भर लोगों ने पुष्प वर्षा कर कावड़ियों का स्वागत किया।

महिलाओं के लिए निःशुल्क साड़ी एवं कलश वितरित किए गए, पुरुषों के लिए निःशुल्क बम बम भोला अंकित केसरिया टी-शर्ट दी गई। इसके साथ ही निशुल्क भोजन एवं ठहरने की व्यवस्था थी

**आयोजकों का कथन**

इस पवित्र यात्रा का आयोजन श्री बुद्धेश्वर महादेव एवं बम बम भोला परिवार, अखिल भारतीय सनातन परिषद, पागल बाबा मित्र मंडल और संकट मोचन मित्र मंडल, बड़नगर के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। आयोजकों ने बताया कि पिछले 8 वर्षों से यह यात्रा निरंतर सफलतापूर्वक आयोजित की जा रही है। इस बार भी हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंजीयन कराया। यात्रा को सफल बनाने में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों ने दिन-रात मेहनत की।

# 7 अगस्त से जिले में शुरू होगा मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान

लंबित शिकायतों के निराकरण पर विशेष जोर

अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़ ।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार राजगढ़ जिले में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान 07 अगस्त 2026 से 08 जनवरी, 2027 तक संचालित किया जाएगा। जिले के समस्त विकासखण्डों में अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित क्लस्टरों में भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना, पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में सेवा प्रदायगी की गुणवत्ता का परीक्षण करना, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई एवं लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करना, विकास कार्यों एवं सार्वजनिक परिसंपत्तियों का स्थलीय निरीक्षण करना, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद आयोजित करना, विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन का मूल्यांकन करना एवं विभागीय पोर्टल पर लंबित प्रकरणों का निराकरण करना तथा भ्रमण के दौरान प्राप्त शिकायतों, आवेदनों एवं सुझावों पर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करना। जारी कार्यक्रम के अनुसार 07 अगस्त, 2026 को जिले के विकासखण्ड सारंगपुर के नगर परिषद पचोर तथा मऊ, उदनखेड़ी एवं पढ़ाना क्लस्टर में अभियान के तहत भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद एवं उद्यम संवाद आयोजित किया जाएगा। इस क्लस्टर में आसारेटा पंवार, बनी, बुढ़नपुर, इटावा, जबर्दी, करोंदी, कुडलासा, लाटाहेड़ी, मांग्याखेड़ी, पढ़ाना, रामपुरिया, टिकोद, आमलारोड़, एवं उदनखेडी सहित संबंधित ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं।

शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास

# करोड़ों का बिल्डिंग भवन जर्जर हालत में, विभाग की अनदेखी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ टोंक खुर्द


आदिम जाति कल्याण विभाग के अंतर्गत टोंकखुर्द मे स्थित देवास रोड पर ईदगाह मस्जिद के सामने शासकीय अनुसूचित जाति सीनियर उत्कृष्ट बालक छात्रावास बिल्डिंग भवन विगत वर्षों आदिम जाति कल्याण विभाग योजना से उत्कृष्ट बालक छात्रावास बिल्डिंग करोड़ों की लागत से भवन बनाया गया था। जिसका हैंडओवर आज तक भी नहीं हुआ। जो इन दिनों ध्वस्त हालत एवं भवन जर्जर हालत में पड़ा है एवं खंडहर में बनकर कांजी हाउस में तब्दील हो चुका है। गिरने की स्थिति में है।

इन दिनों बड़ी-बड़ी झाड़ियां मे भी प्रवेश हो चुका है एवं बड़ी-बड़ी झाड़ियां खड़ी है बिल्डिंग भवन के परिसर में एक बड़ा हुआ खुली मुंडेर का जिसकी गहराई 15 से 20 फीट गहराई खुले में है आंगनवाड़ी भवन भी स्थिति है। जिसमें आंगनवाड़ी में पढ़ने वाले बच्चे बच्ची एवं अड़ोस-पड़ोस के रहवासी लोगों की जनहानि एवं पशु हानि का निमंत्रण का न्योता सामने प्रमाण है।

एसडीएम ने किया शासकीय अस्पताल का औचक निरीक्षण

# साइकिल स्टैंड और सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धीरेंद्र पाराशर ने बड़नगर के शासकीय चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और खामियां पाए जाने पर संबंधितों को सख्त हिदायत दी।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम पाराशर ने साइकिल स्टैंड पर वाहनों के अव्यवस्थित तरीके से खड़े होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्टैंड ठेकेदार को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि सभी वाहन व्यवस्थित रूप से खड़े होने चाहिए। इसके साथ ही, अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर यश गोविंद मार्केटिंग के आउटसोर्स कर्मचारियों को भी कड़े निर्देश दिए गए। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि सफाई व्यवस्था में बिल्कुल भी लापरवाही न बरती जाए और समय-समय पर पूरे परिसर की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। एसडीएम ने अस्पताल की अन्य महत्वपूर्ण सेवाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने दवा वितरण व्यवस्था, पर्ची काउंटर और अस्पताल के अन्य वार्डों का मुआयना कर वहां की कार्यप्रणाली को देखा।

इस औचक निरीक्षण के अवसर पर मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी विजेंद्र अजनार, डॉ. देवेंद्र स्वामी, डॉ. विजय मालवीय, डॉ. बबीता माथुर, प्रभारी बी.ई. दिनेश कुमार पंचोली, फार्मासिस्ट कन्हैयालाल वर्फा, हर्षवर्धन परमार सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# जगह-जगह गंदगी का ढेर से नगरवासी हो रहे बीमार, ग्राम पंचायत मौन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तनोडिया



ग्राम पंचायत स्वच्छता में नबंर वन आने के लिए ग्राम पंचायत कई तरह के जतन कर रहे है। जहां नगर में दिवारों पर स्वच्छता को लेकर स्लोगन भी लिखवाया गया था। नगरवासियों को प्रतिदिन स्वच्छता का सदेश भी दिया जा रहा है। यह हालत है। आगर जिले की सबसे बडी ग्राम पंचायत तनोडिया है। यहां की लगभग 12 हजार आबादी वाला यह नगर है। इन कुछ रहवासी क्षेत्रों में भी मच्छरों का प्रकोप फैल रहा है। इसका मुख्य कारण मौसम परिवर्तन के साथ नगर की सफाई व्यवस्था ध्वस्त होना।

सवाल यह उठता है जब स्वच्छता का सदेश देने वाली नई आबादी क्षैत्र में नाली के ऊपर अतिक्रमण कर रखा है। तो एक तरफ नालियां बंद कर रखी है। जिससे नाली का पानी रोड पार कर दुसरी तरफ की नाली में पानी जा रहा है। जिंससे रहवासियो में काफी आक्रोश व्यक्त हैं। पिपलोन चौपाटी पर बैंक के पास नाली की निकासी नही होने से रोड पर बह रहा गंदा नाली का पानी दुकानों के सामने ही गदंगी पसरी पडी है। यहां दो बैंक एक जिला सहकारी बैंक है।

और बैंक आफ इंडिया दोनों बैरामकुडं चौराहा,माकडोन रोड चौपाटी कुएं के समीप गंदगी के घेर लगे हुए हैं। जिसके कारण भी बिमारियां फैल रही है। गदंगी के कारण मच्छरों का प्रकोप बढ रहा है। ग्राम पंचायत का इस ओर कोई ध्यान नही है।

नगरवासियों ने कलेक्टर सहित जिला प्रशासन से मांग कि है कि पंचायत को निर्देश देकर दवाई का छिडकाव करवाया जाए।, नालियां चौक पडीं हुई, उसे चालु करवाई जाए। जिससे नालियां का गंदा पानी वही भरा होने बीमारी फैलने का भय बन रहा है। इधर सफाई कर्मचारियों का कहना है कि, तीन से चार दिन में सफाई कर रहें हैं।

**सचिव के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे नगरवासी**

सचिव से रहवासियों फोन पर चर्चा करते हैं तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे रहे हैं, जिससे रहवासियों में काफी आक्रोश व्यक्त हैं। इस संबंध में ग्राम सचिव गुलाबसिंह राठौर से चर्चा की तो बताया कि समस्याओं का हल अतिशिघ्र होगा। नालियां व नाला चौक पडा हुआ है.उसे भी साफ करवा दिया गया है। और कुछ स्थान छुट गया हो तो दिखवाकर समस्या हल जल्द ही हल होगी। और बस स्टैंड व बाजार पर स्थित शौचालय अतिशिघ्र सफाई करवाई जाएगी।



## गुन्दीकला में पदस्थ पटवारी राजपूत का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**तनोडिया।** समीपस्थ ग्राम गुन्दीकला, हल्का नंबर 56 में नवीन पदस्थ पटवारी होकम सिंह राजपूत के आगमन पर ग्रामीण जनों द्वारा स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने सरोफा पहनाकर पुष्पमाला पहनाकर एवं आत्मीयता के साथ पटवारी राजपूत का स्वागत किया तथा उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं। राम सिंह राठौर, योगेन्द्र सिंह राठौर, कालू सिंह राठौर, शिवपाल सिंह, ईश्वर सिंह, भारत सिंह, श्याम सिंह, नागु सिंह, लोकेन्द्र सिंह, जितेंद्र सिंह, अखिलेश सिंह, लोकेन्द्र सिंह, तके सिंह, जीवन सिंह, घनश्याम सिंह, नरेंद्र सिंह,बन्टू सिंह, नागु लाल चौधरी, रितुराज सिंह, शम्भू लाल, कृष्णपाल सिंह, बने सिंह सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि पटवारी राजपूत के कार्यकाल में किसानों एवं ग्रामीणों को राजस्व संबंधी कार्यों में बेहतर सुविधा एवं सहयोग प्राप्त हो।

## श्रमजीवी पत्रकार संघ का ब्लॉक सम्मेलन संपन्न, नई कार्यकारिणी घोषित



**मक्सी।** श्रमजीवी पत्रकार संघ मक्सी ब्लॉक का सम्मेलन और नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की घोषणा समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. रवि पांडे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रवि पांडे ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। उन्होंने कहा कि मक्सी श्रमजीवी पत्रकार संघ के साथी जिस निष्पक्षता और जिम्मेदारी के साथ नगर की हर समस्या को उठाते हैं, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। नई कार्यकारिणी की घोषणा श्रमजीवी पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सक्सेना चिंटू भैया ने की। ब्लॉक अध्यक्ष- राधेश्याम देवड़ा, ब्लॉक महासचिव : यासीन खान, ब्लॉक मीडिया प्रभारी : डॉ. सुरेश गुर्जर, ब्लॉक कोषाध्यक्ष- सुभाष जैन, ब्लॉक उपाध्यक्ष- सतीश धारीवाल, करण मालवीय, शिवा लोधी, प्रवीण भावसार, सह मीडिया प्रभारी- नितेश जैन , सह कोषाध्यक्ष- भरत परमार, संयुक्त सचिवः अनिल खामोरा, सचिन कलमोदिया, मुसब खान, औसाफ खान, हामिल खान - सदस्य : दीपक पटेल, समद खान, पिंटू सिंह देवड़ा, डॉ. दिलशाद खान, मनोज जोशी, इसाक खान, राजू सोनी कार्यक्रम में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का भी सम्मान किया गया।

## 22 अगस्त को निकलेगी सुसनेर की 12वीं विशाल कांवड़ एवं कलश यात्रा



**सुसनेर।** नगर में भगवान भोलेनाथ के प्रति आस्था और श्रद्धा का प्रतीक 12वीं विशाल कांवड़ एवं कलश यात्रा 22 अगस्त को निकाली जाएगी। यात्रा मनकामनेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर पंचदेवलिया स्थित प्राचीन पंचदेहरिया महादेव मंदिर तक पहुंचेगी। यात्रा के सफल आयोजन को लेकर शिव शक्ति कांवड़ एवं कलश यात्रा समिति की बैठक सुमन मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। बैठक में यात्रा की रूपरेखा, व्यवस्थाओं एवं विभिन्न जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समिति पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा में बैंड-बाजे, ताशे, आकर्षक धार्मिक झांकियां एवं शिवभक्तों की टोलियां शामिल होंगी। पूरे मार्ग में हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बनेगा।समिति ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर यात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की अपील की। यह कांवड़ एवं कलश यात्रा जिले की प्रथम एवं सबसे बड़ी यात्रा के रूप में अपनी अलग पहचान रखती है। बैठक में समिति के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी एवं शिवभक्त उपस्थित रहे। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में अभी से उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने सौंपा ज्ञापन एक हफ्ते में मानदेय भुगतान का आश्वासन



**ब्यावरा-राजगढ़।** कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला राजगढ़ के बैनर तले जनगणना में लगे कर्मचारियों ने बकाया मानदेय भुगतान की मांग को लेकर जिला जनगणना अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि जनगणना कार्य पूरा हुए काफी समय हो गया है, लेकिन अभी तक कर्मचारियों को उनका मानदेय नहीं मिला है। इससे कर्मचारियों में भारी नाराजगी है। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद जिला जनगणना अधिकारी रॉय ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों का मानदेय एक सप्ताह के भीतर उनके खातों में जमा करवा दिया जाएगा। इस अवसर पर सुरेश दांगी, भगवान सिंह राणावत, भगवान सिंह गुर्जर, कमल सिंह चौहान, नागेन्द्र गुर्जर, दिलीप कसेरा, गिरराज गुप्ता, धर्मेंद्र दुबे, दिनेश शाक्यवार, मुकेश विजय, स्वरुप आचार्य सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कियारा आडवाणी बोलीं- सलमान से खास कनेक्शन काम नहीं आया

## लोग कबीर सिंह मेरी पहली फिल्म समझते हैं...



आज कियारा आडवाणी बॉलीवुड की सबसे सफल अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। बड़े बैनर, करोड़ों की फिल्में और देशभर में करोड़ों प्रशंसक उनके नाम हैं। हालांकि, फिल्म इंडस्ट्री में सलमान खान से खास कनेक्शन होने के बावजूद उनके लिए सफलता की राह आसान नहीं रही। पहली ही फिल्म फ्लॉप हो गई, महीनों तक काम नहीं मिला, 'एमएस धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी' जैसी सुपरहिट फिल्म के बाद भी उन्हें ऑडिशन देने पड़े और कई बार रिजेक्शन झेलना पड़ा। यही वजह है कि आज भी कई लोग 'कबीर सिंह' को उनकी पहली फिल्म समझते हैं। फैशन इंडस्ट्री में भी उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया।

31 जुलाई 1992 को मुंबई में जन्मीं कियारा आडवाणी का असली नाम आलिया आडवाणी है। उनके पिता जगदीप आडवाणी बिजनेसमैन हैं, जबकि मां जेनेवीव जाफरी टीचर रह चुकी हैं। जेनेवीव जाफरी अभिनेता सईद जाफरी के भाई हमीद जाफरी और उनकी पहली पत्नी वैलेरी की बेटी हैं। बाद में हमीद जाफरी ने अशोक कुमार की बेटी भारती गांगुली से शादी की थी।

कियारा का परिवार फिल्मी दुनिया से सीधे तौर पर जुड़ा नहीं था, लेकिन बॉलीवुड से परिचय

**पापा बिजनेसमैन थे, मां टीचर; लेकिन बचपन से सपना था- एक्ट्रेस बनना**

बचपन से था। कियारा ने बताया है कि वह बचपन में आईने के सामने फिल्मों के सीन दोहराती थीं और स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेती थीं। तभी उन्होंने फिल्मों में काम करने का सपना देखा।

### फिल्मों में आने से पहले बच्चों को पढ़ाती थीं

फिल्मों में आने से पहले कियारा अपनी मां के प्री-स्कूल में छोटे बच्चों को पढ़ाती थीं। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि उन्हें बच्चों के साथ समय बिताना पसंद था। कुछ समय यह काम करने के बाद उन्होंने फिल्मों में आने के लिए ऑडिशन देना शुरू कर दिया।

कियारा का असली नाम आलिया था। बॉलीवुड में कदम रखने की तैयारी के दौरान आलिया भट्ट पहले से स्थापित थीं, इसलिए सलमान खान ने उन्हें नाम बदलने की सलाह दी। कियारा ने ह्यकॉमेडी नाइट्स विद कपिलह्व में बताया था कि फिल्म 'अंजाना अंजानी' में प्रियंका चोपड़ा के किरदार 'कियारा' से प्रेरित होकर उन्होंने नया नाम चुना।

अक्सर माना जाता है कि सलमान खान के परिवार से रिश्तों की वजह से कियारा को फिल्मों में आसानी से एंट्री मिली, लेकिन असलियत अलग है। दोनों परिवारों के पुराने संबंध हैं, जिसे सलमान और कियारा स्वीकार कर चुके हैं।

### सलमान से खास कनेक्शन ने नहीं दिलाया काम

अक्सर माना जाता है कि सलमान खान के परिवार से रिश्तों की वजह से कियारा को फिल्मों में आसानी से एंट्री मिली, लेकिन असलियत अलग है। दोनों परिवारों के पुराने संबंध हैं, जिसे सलमान और कियारा स्वीकार कर चुके हैं। कियारा ने राज शमानी के पॉडकास्ट में कहा था कि उन्हें कभी सिर्फ पहचान की वजह से काम नहीं मिला। हर फिल्म के लिए ऑडिशन देना पड़ा।

दरअसल, कियारा की मां जेनेवीव जाफरी और सलमान खान बचपन के दोस्त रहे हैं। दोनों परिवारों के बीच लंबे समय से अच्छे संबंध हैं। कियारा की मौसी शाहीन जाफरी भी एक समय सलमान खान की करीबी दोस्त और कथित गर्लफ्रेंड रह चुकी हैं। यही वजह है कि सलमान, कियारा को बचपन से जानते हैं।

### झटपट बालीवुड

- **प्रदीप रावत को अंतिम विदाई-** 'गजनी' सहित कई फिल्मों में यादगार भूमिकाएं निभाने वाले अभिनेता प्रदीप रावत का मुंबई में अंतिम संस्कार किया गया। आमिर खान समेत फिल्म जगत की कई हस्तियां उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचीं।
- **शाहरुख की 'किंग' का नया लुक वायरल-** फिल्म 'किंग' के सेट से शाहरुख खान का खून से लथपथ एक्शन लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। फैंस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं।
- **तब्बू ने हाईकोर्ट का रुख किया-** अभिनेत्री तब्बू ने अपनी पहचान और एआई से तैयार अनधिकृत सामग्री के दुरुपयोग को रोकने के लिए दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दायर की है।
- **सनी-प्रिटी की जोड़ी फिर चर्चा में-** सनी देओल और प्रीति जिंटा फिल्म बटवारा 1947 के प्रमोशन में साथ नजर आए। दोनों की केमिस्ट्री ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा।

# सुष्मिता बोलीं- मजबूरी में आत्मा बेची, बुरा लगता



कोलकाता में जन्मीं एक्ट्रेस सुष्मिता मुखर्जी ने अपने करियर के उस दौर को याद किया है, जब उन्हें मजबूरी में सी-ग्रेड फिल्मों में काम करना पड़ा था। फिलहाल 'जगन्नाथ और पूर्वी की दोस्ती अनोखी' सीरियल में नजर आ रहीं सुष्मिता ने एक इमोशनल वीडियो में अपने संघर्षों पर खुलकर बात की है। सुष्मिता ने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक वीडियो जारी कर कहा कि उन फिल्मों में काम करना उनके लिए बेहद परेशान करने वाला था, जो महिलाओं का अपमान करती थीं। उन्होंने कहा, 'भगवान का शुक्र है कि मैंने सिर्फ खराब फिल्में चुनी थीं, पोर्नोग्राफी नहीं की। क्या मैंने अपनी आत्मा बेच दी? हां, मैंने अपनी आत्मा बेच दी। मुझे तब भी अच्छा नहीं लगा था और अब भी नहीं लगता, लेकिन यह मेरी मजबूरी थी।'

# लाफ्टर चैलेंज से रिजेक्ट हो गए थे कपिल शर्मा



अमृतसर के रहने कपिल शर्मा को कॉमेडी की दुनिया में पहचान दिलाने में उनके बचपन के दोस्त चंदन प्रभाकर की बड़ी भूमिका रही। चंदन ने अपना करियर दांव पर लगाकर कपिल की द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज में एंट्री करवाई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में चंदन ने बताया कि वह और कपिल मुंबई में शो के ऑडिशन के लिए गए थे। वहां कपिल रिजेक्ट हो गए, जबकि उनका सिलेक्शन हो गया था। इसके बाद कपिल ने दिल्ली में भी ऑडिशन दिया, लेकिन वहां भी उन्हें रिजेक्शन मिला। चंदन ने कपिल को शो में शामिल करने के लिए मेकर्स से काफी आग्रह किया। मेकर्स ने शर्त रखी कि कपिल को जगह देने के लिए किसी एक कंटेस्टेंट को शो छोड़ना होगा। चंदन ने बिना देर किए शो छोड़ दिया और कपिल की एंट्री करवा दी। यहीं से कपिल के करियर को बड़ी उड़ान मिली। हालांकि, कुछ महीने बाद मेकर्स ने चंदन को दोबारा शो में बुला लिया। चंदन प्रभाकर को द कपिल शर्मा शो में चंदू चायवाला के किरदार से भी खूब पहचान मिली। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने कपिल शर्मा के साथ अपनी दोस्ती और करियर से जुड़े कई किस्से

## Sport

### श्रीलंका टेस्ट से पहले वार्म-अप मैच खेलेगी टीम इंडिया

# श्रीलंका इलेवन से होगी भिड़ंत, 15 अगस्त से शुरू होगी टेस्ट सीरीज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



श्रीलंका दौरे पर गई भारतीय टीम शुक्रवार से कोलंबो में तीन दिवसीय वार्म-अप मैच खेलेगी। मुकाबला नॉनडेस्क्रिप्ट्स क्रिकेट क्लब मैदान पर श्रीलंका इलेवन के खिलाफ खेला जाएगा। यह मैच 15 अगस्त से गॉल में शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज की तैयारियों का अहम हिस्सा होगा।

इस मैच में भारतीय बल्लेबाजों का सबसे बड़ा फोकस स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ अपनी तकनीक को और मजबूत करना रहेगा। हाल के महीनों में भारत को घरेलू टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका के खिलाफ स्पिन के सामने संघर्ष करना पड़ा था। श्रीलंका की परिस्थितियां भी स्पिन गेंदबाजों के लिए अनुकूल मानी जाती हैं और मेजबान टीम के पास घरेलू हालात का फायदा उठाने वाले अनुभवी स्पिनर मौजूद हैं। ऐसे में पहले टेस्ट से पहले यह अभ्यास मैच भारतीय बल्लेबाजों के लिए खुद को परखने और कमजोरियों पर काम करने का अच्छा मौका होगा। कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल समेत टीम के प्रमुख बल्लेबाजों ने कोलंबो रवाना होने से पहले अपने-अपने घरेलू सेंटर पर स्पिन गेंदबाजी के खिलाफ विशेष अभ्यास किया था।

भारत ने श्रीलंका में पिछली टेस्ट सीरीज 2017 में खेली थी। पिछले आठ सालों में भारतीय टीम में बड़े बदलाव हुए हैं। मौजूदा टेस्ट स्क्वॉड में केवल केएल राहुल, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ही ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें श्रीलंका में टेस्ट खेलने का अनुभव है। चोट के कारण जसप्रीत बुमराह इस दौरे का हिस्सा नहीं हैं। उनकी गैरमौजूदगी में तेज गेंदबाजी आक्रमण की जिम्मेदारी मोहम्मद सिराज पर होगी।

## भारतीय विमेंस टीम के साउथ अफ्रीकी दौरे का शेड्यूल बदला

एजेंसी ▸▸ पटना

भारतीय विमेंस टीम के साउथ अफ्रीकी दौरे का शेड्यूल चेंज हो गया है। अब इस दौरे पर एक टेस्ट और तीन वनडे के साथ तीन टी-20 मैच भी खेले जाएंगे। साउथ अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड सीएसए ने रिवाइज्ड शेड्यूल जारी किया है।

विमेंस टीम इंडिया 9 दिसंबर से 30 दिसंबर तक अफ्रीका में रहेगी। पहले के शेड्यूल में एक टेस्ट मैच और तीन वनडे मैच खेले जाने थे। पहले वनडे सीरीज खेली जाती और फिर टेस्ट मैच होता।

## एशियाड से पहले भारतीय शूटिंग कोच पर आरोप

**नई दिल्ली।** भारत का एक टॉप नेशनल शूटिंग कोच जांच के घेरे में है। उस पर चेन्नई में शूटिंग रेंज बनाने के लिए खुद ठेका लेने की कोशिश करने का आरोप है। रअक ने इसे हितो में टकराव का मामला मानते हुए जांच के निर्देश दिए हैं। कोच का नाम अभी सामने नहीं आया है। यह कोच नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ठफ्अक) के साथ मिलकर ओलिंपिक, क्ररत्र वर्ल्ड कप, वर्ल्ड चैंपियनशिप और नेशनल चैंपियनशिप के लिए भारतीय शॉटगन निशानेबाजों को ट्रेनिंग देते हैं।

### नैनो न्यूज

- **इंग्लैंड ने टेस्ट टीम घोषित-** पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड ने टीम का ऐलान किया। जो रूट को कप्तानी सौंपी गई है और टीम में तीन अहम बदलाव किए गए हैं।
- **श्रीलंका ने अभ्यास मैच टीम चुनी-** भारत के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के लिए श्रीलंका ने अपनी टीम घोषित कर दी है। दोनों टीमें आगामी टेस्ट मुकाबलों की तैयारियों को अंतिम रूप देंगी।
- **मिचेल स्टार्क रिकॉर्ड के करीब-** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क टेस्ट क्रिकेट में कपिल देव का बड़ा रिकॉर्ड तोड़ने के करीब पहुंच गए हैं। स्टार्क ने इसे अपने लिए सम्मान की बात बताया।
- **पाकिस्तान को नया बल्लेबाजी कोच-** इंग्लैंड दौरे से पहले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने माइक स्मिथ को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है।
- **कॉमनवेल्थ खेलों में भारत का शानदार प्रदर्शन-** भारत ने कई पदक जीतकर मजबूत प्रदर्शन किया। पदक तालिका और विजेताओं की आधिकारिक सूची जारी हो चुकी है।
- **विश्व चैंपियनशिप की तैयारियां तेज-** भारत में होने वाली बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप से पहले आयोजकों ने दावा किया है कि सभी सुविधाओं को पूरी तरह उन्नत कर दिया गया है।

# बटलर टी-20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने, पोलार्ड का रिकॉर्ड तोड़ा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जोस बटलर टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कीरोन पोलार्ड का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बटलर के नाम अब 522 टी-20 मैचों में 14,833 रन हैं, जबकि पोलार्ड ने 746 मैचों में 14,803 रन बनाए हैं।

बटलर ने यह उपलब्धि द हंड्रेड लीग में मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की ओर से खेलते हुए वेल्श फायर के खिलाफ हासिल की। उन्होंने 20 गेंदों में 51 रन की तेज पारी खेलकर पोलार्ड को पीछे छोड़ दिया। रिकॉर्ड बनाने के बाद बटलर का एक बयान भी चर्चा में रहा। उन्होंने कहा कि भारत के 15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी भविष्य में यह रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं। मैच के बाद स्काई स्पोर्ट्स से बातचीत में 34 साल के बटलर ने कहा, टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाला खिलाड़ी बनना शानदार एहसास है। लेकिन एक दिन कोई न कोई यह रिकॉर्ड जरूर तोड़ेगा। मुझे लगता है कि वह खिलाड़ी शायद भारत का वैभव सूर्यवंशी हो सकता है ह्ल

हाल ही में भारत के पूर्व बल्लेबाज रोबिन उथप्पा ने भी वैभव सूर्यवंशी की जमकर तारीफ की थी। उथप्पा ने कहा था कि अगर वैभव को करियर के शुरूआती सालों में सही मार्गदर्शन मिला, तो वह व्हाइट-बॉल क्रिकेट में सचिन तेंदुलकर जैसा या उससे भी बड़ा प्रभाव छोड़ सकते हैं। बटलर ने पिछले कुछ महीनों की अपनी खराब फॉर्म को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, क्रिकेट बहुत जल्दी बदलता है। कुछ महीने पहले मैं रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहा था, लेकिन अब मुझे लगता है कि मैं अपने करियर की बेस्ट बल्लेबाजी कर रहा हूं।

उन्होंने आगे कहा, खराब दौर में आपके पास दो ही रास्ते होते हैं। या तो हार मान लें या फिर मेहनत जारी रखें। मैंने दूसरा रास्ता चुना और अपनी फॉर्म वापस पाने पर पूरा ध्यान दिया।

बटलर ने कहा कि उनकी इच्छा थी कि पोलार्ड की मौजूदगी में ही उनका रिकॉर्ड टूटे। पिछले मैच में मैनचेस्टर सुपर जायंट्स का मुकाबला टक लंदन से था और पोलार्ड डगआउट में मौजूद थे, लेकिन तब वे रिकॉर्ड नहीं बना सके। उन्होंने कहा, अगर पोलार्ड के सामने ही यह रिकॉर्ड टूटता तो और भी खास होता। इस सूची में दुनिया के कई महान खिलाड़ियों के नाम हैं। उनके बीच सबसे ऊपर पहुंचना मेरे लिए गर्व की बात है।

**आवश्यकता**

छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके.

संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**आवश्यकता**

अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.E.D/D.E.D./Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह

राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**

~~ऑफिस किराए से देना है सी/ 21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी~~

~~संपर्क करें - रवि गुप्ता 9926466157~~

**किराए से देना है**

शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त

6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**

उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए

संपर्क
9893374872

**किराए से देना है**

ऑफिस किराए से देना है सी/ 21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी

संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**

अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन

संपर्क
9111328540

**मकान बेचना है**

साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है

पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**आवश्यकता है**

दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।

संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**

अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है

संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**

प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10. लक्जरी फार्म हाउस

संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**

आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026

सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**तुरंत आवश्यकता है**

1 ग्राम ज्वेलरी व आर्टिफिशियल ज्वेलरी की मार्केटिंग के लिए युवक-युवतियों की आवश्यकता है। वेतनमान 15000 से शुरु। ड्यूटी 8 घंटे। कार्य क्षेत्र सिर्फ उज्जैन शहर के लिए।
नोट: इच्छुक व्यक्ति एजेंसी लेने हेतु संपर्क करें।

बाबा डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी
मालीपुरा, उज्जैन
मोबाइल- 9981248359

## न्यूज कॉलम

### बड़वे खेलने कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में विवाद

**आलीराजपुर।** आलीराजपुर में आदिवासी समाज के पारंपरिक 'बड़वे खेलने' कार्यक्रम के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर उपद्रवियों ने जमकर तोड़फोड़ की। घटना मंगलवार बोरी थाना क्षेत्र के ग्राम बयडा एक निजी स्कूल परिसर की है। उपद्रवियों ने परिसर में खड़ी एक स्कूल बस, एक ट्रैवलर और कई दोपहिया वाहनों के कांच फोड़ दिए, जिससे भारी नुकसान हुआ। इस अचानक हुई हिंसा से कार्यक्रम में भगदड़ मच गई और वहां मौजूद महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बोरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।

### पेटलावद से उज्जैन के लिए निकली कावड़ यात्रा

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के पेटलावद स्थित अनंतखेड़ी से शुक्रवार को भगवान महाकालेश्वर के लिए 27वीं बोल बम पैदल कावड़ यात्रा रवाना हुई। ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच 350 शिव भक्त आस्था और उत्साह के साथ उज्जैन के लिए निकले हैं। पंडित नरेंद्र नंदन दवे के संचालन में निकाली जा रही यह पदयात्रा कुल 110 किलोमीटर का सफर तय करेगी। यात्रा अपने निर्धारित पड़ावों से गुजरते हुए आगामी 11 अगस्त को उज्जैन पहुंचेगी, जहां सभी कावड़ यात्री भगवान महाकाल का जलाभिषेक करेंगे। यात्रा के प्रस्थान पर पेटलावद नगर में धार्मिक संगठनों, पत्रकार संघों और स्थानीय जन-प्रतिनिधियों ने स्वागत मंच लगाए।

### सांदीपनी स्कूल बाग के प्राचार्य को हटाया

**धार।** बाग के सांदीपनी विद्यालय में प्राचार्य डीएस बघेल को हटा दिया गया है। उनकी जगह अखाड़ा हायर सेकेंडरी स्कूल के उच्च श्रेणी शिक्षक चतुरसिंह मंडलोई को नया प्राचार्य नियुक्त किया गया है। यह आदेश शुक्रवार को जनजातीय कार्य विभाग सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा जारी किया गया। कार्रवाई सांदीपनी स्कूल बाग में विद्यार्थियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर फैले असंतोष के चलते की गई है। कुछ दिन पहले स्कूल के विद्यार्थी जिला मुख्यालय धार पहुंचे थे। कलेक्टर और सहायक आयुक्त को समस्याओं से अवगत कराया था। इसके बाद सहायक आयुक्त पारुल जैन ने 25 जुलाई को स्वयं बाग जाकर विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया।

### आदिवासी छात्रों के आंदोलन के बाद बीईओ का प्रभार बदला



**जातीय भेदभाव शिकायतों पर मचा विवाद, प्रभारी प्राचार्य हटीं**

**धार।** धार के तिरला स्थित शासकीय सांदीपनी हाई सेकेंडरी स्कूल में आदिवासी छात्र-छात्राओं के आंदोलन के बाद जनजातीय कार्य विभाग ने प्रशासनिक कार्रवाई की है। प्रभारी प्राचार्य सीमा मिश्रा को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) तिरला के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। यह आदेश 6 अगस्त 2026 को जारी हुआ। उनकी जगह शैलेन्द्र त्रिवेदी, उच्च माध्यमिक शिक्षक, शासकीय उमावि आहूं को अस्थायी रूप से बीईओ का दायित्व सौंपा गया है। इस मामले की शुरूआत तब हुई जब शासकीय सांदीपनी हाई सेकेंडरी स्कूल के 11वीं और 12वीं कक्षा के आदिवासी छात्रों ने रसायन शास्त्र शिक्षिका दीपिका शक्तावत पर गंभीर आरोप लगाए। छात्रों ने उन पर जातिगत भेदभाव, मानसिक प्रताड़ना और अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप लगाया है। छात्रों के अनुसार, पिछले लगभग एक वर्ष से उनके साथ कथित तौर पर भेदभावपूर्ण व्यवहार किया जा रहा था। छात्रों ने कई बार लिखित शिकायतें दी थीं और 20 जुलाई को अभिभावकों ने भी आवेदन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद 28 जुलाई को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लगभग 8 किलोमीटर पैदल चलकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने शिक्षिका को हटाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। छात्रों ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य पारुल जैन को सौंपे ज्ञापन में प्रभारी प्राचार्य सीमा मिश्रा और संबंधित बीईओ पर भी आरोप लगाए। इन आरोपों में शिकायतों की अनदेखी, छात्रों को डराना-धमकाना और छात्रावास में भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं में अनियमितताएं शामिल थीं। सहायक आयुक्त पारुल जैन ने छात्रों को निष्पक्ष जांच और एक सप्ताह के भीतर नियमानुसार कार्रवाई का आश्वासन दिया था।

## नैनो न्यूज

- 108 वीआईपी नंबरों पर लगी बोली, 1.68 लाख में बिका 0001, 4 साल में पहली बार 58 मिनट ज्यादा चली नीलामी
- एलपीजी: नए कनेक्शन मिल नहीं रहे, या तो 5 किलो का छोटू सिलेंडर ले रहे या ब्लैक में खरीदना पड़ रहा
- आदिवासी युवक सुसाइड केस में आत्महत्या से पहले भेजे गए वाट्सएप संदेश अहम साक्ष्य
- फर्जी आर्म्स लाइसेंस मामले में कांग्रेस नेता अनवर कादरी गिरफ्तार: 27 से अधिक आपराधिक मामलों का आरोपी
- स्कूल से लौटते चलती बाइक से गिरकर बेहोश हुआ छात्र, पुलिसकर्मियों ने सीपीआर देकर बचाई जान
- कार में युवक के कंधे पर बैठा सांप, ब्रेक लगाने पर बोनट में घुसा, महू में नागिन धुन बजने पर बाहर आया

धार में तय स्थान पर जुम्मे की नमाज अदा: पिछली बार से ज्यादा लोग शामिल, शहर में लगभग 1000 पुलिस बल को तैनात रहे

# भोजशाला परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ भी हुआ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

धार में इस बार जुम्मे की नमाज भोजशाला परिसर के पिछले हिस्से की दाहिनी ओर स्थित पूर्व निर्धारित स्थान खसरा नंबर 612 पर नमाज अदा की गई। पिछले जुम्मे की नमाज के मुताबिक इस बार ज्यादा मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करने के लिए पहुंचे। इधर, भोजशाला परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया।

प्रशासन ने नमाज स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाएं की, जिससे नमाज शांतिपूर्ण तरीके से हो सके। पिछली बार हुई बारिश के बाद नगर पालिका ने मार्ग पर गिट्टी डालकर रास्ते को समतल कराया था।

नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधि अब्दुल समद ने मीडिया से बातचीत में आरोप लगाया कि नमाज के दौरान प्रशासन की ओर से पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। उन्होंने यह भी कहा कि बाहर से



आने वाले कुछ लोग कमाल मौलाना के बारे में अनर्गल बयान देकर उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

अब्दुल समद ने दावा किया कि कमाल मौलाना ने महिलाओं की सुरक्षा और सामाजिक सुधार से जुड़े कई कार्य किए तथा सती प्रथा बंद कराने में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने कहा कि मुस्लिम समाज इस तरह की टिप्पणियों से आहत है और इसकी शिकायत पहले भी प्रशासन से की जा चुकी है।

**नमाज के दौरान हनुमान चालीसा पाठ हुआ-** इधर, नमाज के दौरान सर्वे नंबर 612 की जमीन पर मुस्लिम समुदाय नमाज अदा कर रहा था, जबकि भोजशाला परिसर में हनुमान चालीसा का पाठ और शंख ध्वनि के साथ जयकारे लगाए जा रहे थे।

- **संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी-** एसपी ने बताया कि पूर्व में चिन्हित अन्य स्थानों पर सहमति नहीं बन पाई। सुरक्षा व्यवस्था के तहत संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखी गई। वरिष्ठ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी पूरे समय मौके पर मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा ने जिलेवासियों से शांति, सौहार्द और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने लोगों से किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं देने का आग्रह भी किया।
- **सुप्रीम कोर्ट में 5 अगस्त को होना था सुनवाई-** बता दें कि भोजशाला को लेकर मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर चार याचिकाओं पर बुधवार (5 अगस्त) को सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीश संजय कुमार और संजीव सचदेवा की खंडपीठ के समक्ष सुनवाई प्रस्तावित थी, हालांकि सुनवाई नहीं हुई। फिलहाल सुनवाई की तारीख को लेकर जानकारी सामने नहीं आई है।

### शांतिपुर्ण हुई नमाज

एसपी सचिन शर्मा ने बताया, कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए। नमाज स्थल और भोजशाला परिसर के आसपास करीब भारी पुलिसकर्मियों का बल तैनात रहा। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की भी तैनाती की गई, ताकि पूरे आयोजन के दौरान शांति और सुरक्षा बनी रहे। पूरे शहर में लगभग 1000 पुलिस बल को तैनात रहे।

### आवाजाही नियंत्रित की

जुम्मे की नमाज को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के तहत बैरिकेडिंग कर बिसलेरी मार्ग बंद कर दिया गया। भोजशाला परिसर के आसपास आवाजाही नियंत्रित की गई है, ताकि नमाज शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में हो सके।

दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत

# 1.50 करोड़ रु. के गोवर्धन घी की बिक्री पर रोक

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

दूध और दुग्ध उत्पादों में मिलावट के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने इंदौर में बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य सुरक्षा विभाग और एफएसएसएआई की टीम ने एबी रोड स्थित एक कंपनी डिपो पर कार्रवाई करते हुए करीब 25 हजार लीटर घी का स्टॉक बिक्री के लिए रोक दिया।

इस घी की अनुमानित कीमत करीब 1.50 करोड़ रुपए बताई गई है। मौके से घी के अलग-अलग पैकिंग साइज के 20 नमूने जांच के लिए लिए गए हैं। यह



कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब प्रदेश में जुलाई 2026 से दूध और दूध से बने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत दूसरे राज्यों से मध्यप्रदेश में आने वाले दुग्ध उत्पादों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### गोवर्धन घी के 25 हजार लीटर स्टॉक पर रोक

कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में 6 अगस्त को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम एबी रोड स्थित विक्टर हाउस-1, गोल्डन पैलेस कॉलोनी में पहुंची। यहां पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड के कंपनी डिपो का निरीक्षण किया गया। मौके पर महाराष्ट्र के पुणे स्थित पराग मिल्क फूड्स लिमिटेड द्वारा निर्मित गोवर्धन ब्रांड घी का भंडारण और बिक्री पाया गया। विभाग के अनुसार, यह डिपो मध्यप्रदेश में गोवर्धन ब्रांड घी की सप्लाई का प्रमुख केंद्र है। प्रतिष्ठान केंद्रीय लाइसेंसधारी होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल सूचना दी गई।

अवंतिका गैस पाइपलाइन विस्फोट मामले में

# हाईकोर्ट में झूठा शपथपत्र दिया एसडीए धनगर ने मांगी माफी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

अवंतिका गैस पाइपलाइन विस्फोट मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। जूनी इंदौर के एसडीएम घनश्याम धनगर ने झूठे शपथ पत्र मामले में कोर्ट में माफी मांगी। उन्होंने कहा कि मुआवजे और इलाज के खर्च से जुड़ी जानकारी पेश करने में गलती हुई थी। एसडीएम ने हाईकोर्ट को भरोसा दिलाया कि हादसे में झुलसे सभी लोगों के इलाज का पूरा खर्च सरकार उठाएगी। इस पर कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार और इंदौर नगर निगम को सभी पीड़ितों के बेहतर इलाज और उचित मुआवजे के निर्देश दिए। हालांकि, पीड़ितों को कितनी राशि मुआवजे के रूप में दी जाएगी, इसका फैसला अभी नहीं हुआ है। इस मुद्दे पर अगली सुनवाई 27 अगस्त को होगी। उसी दिन मुआवजे की राशि तय करने पर विचार होगा। सुनवाई के दौरान अवंतिका गैस एजेंसी की ओर से पक्ष अब तक सामने नहीं आया है।

# जेवर लूटने के मामले में अहम सुराग मिले

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

चंदन नगर क्षेत्र में महिला को बातों में उलझाकर नशा सुंघाने और जेवर लूटने के मामले में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपियों के सीसीटीवी फुटेज और उनके आने-जाने के रास्तों की जानकारी जुटा ली है। अब संदिग्धों की लोकेशन के आधार पर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस को इस वारदात में महाराष्ट्र के सक्रिय ठग गिरोह के शामिल होने की आशंका है। पीड़िता केसर मनावरे 2 अगस्त को चंदन नगर थाने पहुंची थीं। पुलिस ने उनकी शिकायत दर्ज कर जांच शुरू की। शुरूआती तीन दिनों तक पुलिस ने लगातार क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले और महिला द्वारा बताए गए पूरे रूट की पड़ताल की। अब तकनीकी साक्ष्यों और लोकेशन के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है। केसर मनावरे ने पुलिस को बताया कि वह चंदू वाले रोड से गुजर रही थीं। इसी दौरान गोसिया मस्जिद के पास दो युवकों ने उन्हें रोककर देवास जाने का रास्ता पूछा। बातचीत के दौरान आरोपियों ने उन्हें किसी नशीले पदार्थ की गंध सुंघा दी, जिससे वह कुछ देर के लिए बेसुध जैसी हो गईं। पीड़िता के अनुसार, आरोपियों ने उनके कान के टॉप्स और सोने का मंगलसूत्र उतरवाकर एक पुड़िया में रखने का झांसा दिया और उसे उनकी थैली में रख दिया। इसके बाद दोनों उन्हें बातों में उलझाते हुए करीब एक किलोमीटर दूर फूटी कोठी तक ले गए। वहां से जाने से पहले उन्होंने कहा कि घर पहुंचकर थैली से पुड़िया निकाल लेना।

# दो मेडिकेयर कंपनियों के डायरेक्टरों पर एफआईआर

## डीलर-डिस्ट्रीब्यूटर बनाने के नाम पर करोड़ों की रकम लेने का आरोप, क्राइम ब्रांच ने दर्ज किया केस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर क्राइम ब्रांच ने मेडिकेयर कंपनियों से जुड़े दो डायरेक्टरों के खिलाफ करोड़ों रुपए की कथित धोखाधड़ी और अमानत में खयानत के मामले में एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि दोनों ने डिस्ट्रीब्यूटरशिप और मुनाफे का लालच देकर एक कारोबारी से एक करोड़ रुपए निवेश कराए, लेकिन न तो तय शर्तों के अनुसार माल दिया और न ही भुगतान किया।

### तीन लाख मार्जिन का दिया था भरोसा

क्राइम ब्रांच के मुताबिक, कमलेश अग्रवाल बालाजी मेडिकोज के नाम से कारोबार करते हैं। उनका संपर्क कंपनियों के मार्केटिंग मैनेजर जिग्नेश भाई मिस्त्री के माध्यम से हुआ था। जिग्नेश ने उन्हें कंपनियों में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद जुलाई, सितंबर और अक्टूबर 2021 के दौरान इंदौर के नवलखा स्थित गणेश चैंबर कार्यालय में हुई बैठकों के बाद निवेश राशि का भुगतान किया गया।

क्राइम ब्रांच ने मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर आदित्य गुप्ता और इन्फोटेक हेल्थ केयर के डायरेक्टर मनोहर लाल गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई गुजरात के दाहोद निवासी कारोबारी कमलेश अग्रवाल की शिकायत और जांच के बाद की गई। जांच में सामने आया कि आरोपियों ने कमलेश अग्रवाल को गुजरात क्षेत्र की डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने का भरोसा देकर दोनों कंपनियों के नाम पर 50-50 लाख रुपए, यानी कुल एक करोड़ रुपए लिए थे। इसके बदले तय मार्जिन मनी देने और व्यापार के लिए माल उपलब्ध कराने का वादा किया गया था, लेकिन बाद में दोनों शर्तों का पालन नहीं किया गया। समझौते के अनुसार, दोनों कंपनियों की ओर से हर महीने डेढ़-डेढ़ लाख रुपए, यानी कुल तीन लाख रुपए मार्जिन मनी देने का आश्वासन दिया गया था।

# कनाड़िया जंक्शन डबल डेकर ब्रिज रद्द, आईडीए ने शासन को भेजा प्रस्ताव

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर बायपास पर रोज लगने वाले ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए कनाड़िया रोड जंक्शन पर प्रस्तावित 150 करोड़ रुपए की डबल डेकर ब्रिज परियोजना रद्द कर दी गई है। तकनीकी दिक्कतों और अधिक लागत के कारण अब इस स्थान पर 6-लेन अंडरपास बनाने की तैयारी की जा रही है।

इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) ने राज्य के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के माध्यम से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को प्रस्ताव भेजकर कार्य जल्द शुरू कराने का आग्रह किया है। आईडीए अधिकारियों के अनुसार, प्रस्तावित टाउनशिप, डबल डेकर ब्रिज और अन्य विकास कार्यों के कारण भविष्य में ट्रैफिक कई गुना बढ़ेगा। डबल डेकर ब्रिज केवल एक चौराहे की समस्या हल करता, जबकि पूरे बायपास के लिए एमआर-10 जैसी फ्री-फ्लो व्यवस्था अधिक प्रभावी मानी गई है। आईडीए ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अगले 2-3 वर्षों में मौजूदा व्यवस्था पूरी तरह दबाव में आ जाएगी। एनएचएआई द्वारा कनाड़िया और बिचौली हप्सी पर बनाए गए दो-लेन बॉक्स टाइप फ्लाईओवर 8-10 साल पुराने हो चुके हैं और ट्रैफिक के हिसाब से छोटे पड़ रहे हैं। दो-लेन स्ट्रक्चर होने के कारण सामान्य ट्रैफिक के लिए भी लंबे जाम लगते हैं। मांगलिया और देवगुराड़िया की ओर से आने वाले वाहनों के कारण सर्विस रोड पर लगातार जाम रहता है।

# गुमटियां हटाने को लेकर नगर निगम में हाई वोल्टेज ड्रामा

## नेता प्रतिपक्ष बोली- पूरे इंदौर की गुमटियां हटाइए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नगर निगम द्वारा शहर में गुमटियां और अवैध ठेले हटाने की कार्रवाई को लेकर गुरुवार को निगम मुख्यालय में जमकर हंगामा हुआ। नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के हितग्राहियों के साथ निगम मुख्यालय पहुंचीं और अपर आयुक्त आकाश सिंह से कार्रवाई को लेकर जवाब मांगा। इस दौरान दोनों के बीच तीखी बहस हो गई और कुछ देर के लिए माहौल गरमा गया।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि निगम प्रशासन चुनिंदा गुमटियों और ठेलों पर ही कार्रवाई कर रहा है, जबकि शहर में कई स्थानों पर अवैध गुमटियां लगी हुई हैं। उन्होंने कहा कि यदि नियमों का पालन कराना है तो पूरे शहर में समान रूप से कार्रवाई की जाए, न कि गरीब और छोटे व्यापारियों को निशाना बनाया जाए। सोनिला मिमरोट ने अपर आयुक्त से कहा कि यदि निगम गुमटियां हटा रहा है तो पूरे इंदौर में लगी सभी अवैध गुमटियों पर एक साथ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि सिर्फ कुछ लोगों के ठेले और गुमटियां हटाना न्यायसंगत नहीं है। इस दौरान उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई हितग्राहियों के ठेले जब्त कर लिए गए, लेकिन उन्हें वैकल्पिक स्थान भी उपलब्ध नहीं कराया गया।

### जहां शिकायत मिलेगी वहां होगी कार्रवाई

बहस के दौरान अपर आयुक्त आकाश सिंह ने स्पष्ट किया कि निगम कहीं भी गुमटियां लगाने की अनुमति नहीं देता। उन्होंने कहा कि जहां भी अवैध गुमटी या अतिक्रमण की जानकारी मिलेगी, वहां नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष से ऐसे स्थानों की सूची देने को भी कहा, ताकि वहां भी कार्रवाई कराई जा सके।

### स्ट्रीट वेंडरों ने भी रखी परेशानी

बैठक के दौरान पीएम स्ट्रीट वेंडर योजना के हितग्राहियों ने भी अपनी समस्याएं सामने रखीं। उनका कहना था कि निगम ने उनके ठेले जब्त कर लिए हैं, लेकिन न तो उन्हें हॉकर्स जोन में जगह दी जा रही है और न ही जब्त सामान वापस मिल रहा है। कई हितग्राहियों ने आरोप लगाया कि कुछ स्थानों पर चुनिंदा लोगों को छोड़कर केवल उनके ठेले हटाए गए। तीखी बहस के दौरान दोनों पक्षों के बीच कई बार आवाजें ऊंची हुईं। नेता प्रतिपक्ष ने कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगाया, जबकि अपर आयुक्त ने नियमों के अनुसार कार्रवाई किए जाने की बात दोहराई। आखिर में अपर आयुक्त ने सभी शिकायतों पर विचार करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद मामला शांत हुआ।



















स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com